

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-49 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) सोमवार 31 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## वीर महापुरूषों की गौरव गाथाओं का संकलन होगा उज्जैन के वीर भारत संग्रहालय में : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री मेघवाल ने वीर भारत संग्रहालय का भूमि-पूजन किया



भोपाल(ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में रविवार को कोठी महल पर युगयुगीन भारत के कालजयी महानायकों की तेजस्विता की महागाथा का वर्णन करने वाले "वीर भारत संग्रहालय" का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अर्जुनराम मेघवाल भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। हर कल्प में उज्जयिनी का अपना इतिहास रहा है। प्राचीन भारत के वीर महापुरूषों की गौरव गाथा की जानकारी इस संग्रहालय में प्रदान की जाएगी। संग्रहालय का निर्माण भव्य स्तर पर किया जाएगा। प्राचीन काल की सभी प्रमुख घटनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। संग्रहालय का निर्माण लगभग 20 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पडने पर और धन राशि भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमें अपनी विरासत पर गर्व करने का एक और अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी ओर से संग्रहालय के निर्माण हेतु शुभकामनाँ दी। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सांसद उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र अनिल फिरोजिया, सांसद राज्यसभा बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, विधायक उज्जैन-उत्तर अनिल जैन कालूहेड़ा, संजय अग्रवाल, महापौर नगर पालिक निगम मुकेश टटवाल निगम अध्यक्ष नगर पालिक निगम श्रीमती कलावती यादव और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला शामिल हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंडित चंदन व्यास एवं उनके दल के द्वारा स्वस्ति वाचन किया गया। वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथितियों का स्वागत किया गया। श्रीराम तिवारी ने स्वागत वक्तव्य देते हुए कहा कि भारतवर्ष के गौरवशाली और पराक्रमी अतीत से परिचय तथा प्रेरणा हमारे समय की अपरिहार्य आवश्यकता है। यह एक राष्ट्रव्यापी, महत्वाकांक्षी स्वप्न है, जिसे चरितार्थ करने के लिए वीर भारत संग्रहालय में भारत की तेजस्विता और पराक्रम के विभिन्न आयामों को व्यापक रूप से प्रस्तुत किये जाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार संकल्पित है। तेजस्विता और शौर्य हमारे जीवन, परंपरा, चित्त-वृत्ति, चिंतन-प्रकृति, दर्शन, जीवन मूल्य, आस्था और विश्वासों का स्वर है। हमारा प्रयास है कि वीर भारत संग्रहालय में राष्ट्र की सभी मंगलकारी दृष्टियों का प्रतिबिंबन हो।

भारत वर्ष का प्रागैतिहास-पुरापाषाण काल, पूर्व वैदिक, वैदिक/उपनिषद, सरस्वती सिंधु घाटी सभ्यता, उत्तर वैदिक, श्रीराम के पूर्वज, श्रीकृष्ण के पूर्वज, रामायण काल, महाभारत काल, प्राचीन भारत की जनजातियों, महाजनपद काल, गौतम बुद्ध, महावीर, आदि शंकराचार्य, चंद्रगुप्त मौर्य, सम्राट विक्रमादित्य काल, सातवाहन, गुप्त साम्राज्य, चोल, पल्लव, भोजदेव, मध्ययुग, भक्ति काल, भारत के शूरवीर, पराधीनता के विरूद्ध सिंहनाद करते हुए भारत की सुदीर्घ परंपरा में तेजस्वी नायकों, चिंतकों, दार्शनिकों, मंत्रद्रष्टा, ऋषियों, संतों, मनीषियों, कवियों, लेखकों, कलाकारों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों के अनुपम योगदान को रेखांकित किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम संवत् 2082 के आरंभ पर सूर्य को अर्ध्य देकर पूजन-अर्चन किया




उज्जैन (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन में प्रातः भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम नव संवत्सर 2082 के आरंभ के अवसर पर उदीयमान सूर्य देव को अर्ध्य दिया और हिंदू नव वर्ष पर विक्रम ध्वज, गुड़ी का दत्त अखाड़ा घाट पर पूजन-अर्चन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों और देशवासियों को भारतीय नववर्ष की मंगलकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अंतर्गत पर्व और त्योहारों का निर्धारण मंगल तिथियां के आधार पर होता है। खगोलीय गतिविधियों की दृष्टि से गुड़ी पड़वा अर्थात प्रतिपदा, वर्ष की पहली मंगल तिथि है। इस मंगल तिथि का अभिवादन कहीं चेटीचंड, कहीं वर्ष प्रतिपदा और कहीं गुड़ी पड़वा सहित अन्य अनेक नाम से किया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया की यह प्राचीन सनातन संस्कृति की अनुपम परंपरा है। इसी तिथि पर चंहुओर खुशियों, समृद्धि और हर्षोल्लास का वातावरण होता है। गुड़ी पड़वा पर घर-घर स्थापित होने वाला कलश हमारी पवित्र आत्मा को अभिव्यक्त करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समृद्धि और विकास का नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख- समृद्धि और आनंद का भाव लाए, ईश्वर से यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूजन-अर्चन उपरांत माँ क्षिप्रा की गोद में नौका विहार कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके बाद देव दर्शन कर साधु-संतों और श्रद्धालुओं से मुलाकात की।

## विविध-समाचार

### ईद से एक दिन पहले मस्जिद में बड़ा धमाका, जिलेटिन रॉड से विस्फोट की आशंका, दो गिरफ्तार; कैसे हुआ विस्फोट ?



बीड ,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के बीड जिले से ईद उल-फितर से ठीक एक दिन पहले एक बड़ी खबर सामने आई है। जिले के जियोराई तहसील स्थित अर्ध मसला गांव में रविवार तड़के सुबह एक मस्जिद में धमाका हुआ। पुलिस के अनुसार, यह विस्फोट कथित तौर पर एक व्यक्ति द्वारा रखी गई जिलेटिन रॉड के कारण हुआ। हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।पुलिस ने बताया कि यह घटना तड़के सुबह करीब 2:30 बजे हुई, जिसके बाद मस्जिद का अंदरूनी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच जारी है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल व्याप्त है, जिसे देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि एक व्यक्ति मस्जिद के पिछले हिस्से से दाखिल हुआ और वहां कुछ जिलेटिन की रॉड रख दी, जिसके परिणामस्वरूप यह विस्फोट हुआ। गांव के प्रधान ने सुबह करीब 4 बजे तलवाड़ा पुलिस को इस घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही बीड के पुलिस अधीक्षक नवनीत कंवत और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे।

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स की लोकप्रियता बढ़ी, इस बार पहले से ज्यादा खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 120वें एपिसोड में 'खेलो इंडिया पैरा गेम्स' में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की सराहना की और उनके संघर्ष और हौसले को लेकर प्रेरणादायक बातें साझा की।

उन्होंने कहा, 'मन की बात' में अब बात हौसलों के उड़ान की! चुनौतियों के बावजूद जज्बा दिखाने की। कुछ ही दिन पहले सम्पन्न हुए खेलो इंडिया पैरा गेम्स में एक बार फिर खिलाड़ियों ने अपनी लगन और प्रतिभा से सबको हैरान कर दिया। इस बार पहले से ज्यादा खिलाड़ियों ने इन खेलों में हिस्सा लिया। इससे पता चलता है कि पैरा स्पोर्ट्स कितना पॉपुलर हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रयासों के लिए बधाई दी और विशेष रूप से हरियाणा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को उनके प्राप्त किए गए स्थानों के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, मैं खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। हरियाणा, तमिलनाडु और यूपी के खिलाड़ियों को पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।



टेलीविजन और फिल्म अभिनेत्री तेजश्री प्रधान और पूजा कुलकर्णी ने नागपुर में नव वर्ष अभिनंदन समारोह समिति द्वारा आयोजित मराठी नव वर्ष, गुड़ी पड़वा पूजा में भाग लिया।

## लालू ने चारा घोटाला कर बिहार को बदनाम किया : अमित शाह



पटना (आरएनएस)। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की, वहीं राजद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि लालू यादव ने चारा घोटाला कर बिहार को बदनाम करने का काम किया। उन्होंने राजद के शासनकाल को जंगलराज बताते हुए कहा कि उनके शासनकाल को जंगलराज के रूप में ही याद किया जाएगा। इससे पहले पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग की ओर से समारोह का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की हजारों करोड़ की योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास और उद्घाटन किया। इससे पहले बापू सभागार में पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी मौजूद रहे। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने लालू यादव पर सीधे तौर पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने गरीबों के लिए कोई काम नहीं किया, जबकि एनडीए की सरकार ने राशन, घर, बिजली, रसोई गैस, दवाई और मुफ्त राशन पहुंचाने का काम किया। गरीबों के लिए किसी ने कुछ किया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि चार करोड़ लोगों को आवास दिया गया, 11 करोड़ से अधिक लोगों को गैस का सिलेंडर दिया गया, 12 करोड़ शौचालय का निर्माण कराया गया।

### चांद का हुआ दीदार, भारत समेत इन देशों में आज मनाई जाएगी ईद

नई दिल्ली(ए.)। रमजान के पाक महीने के आखिरी दिन चांद का दीदार हो चुका है, जिससे यह साफ हो गया कि भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और कई दूसरे देशों में ईद-उल-फितर आज मनाई जाएगी। लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और बाजारों में रौनक लौट आई। लखनऊ और असम समेत कई शहरों में ईद का चांद का दीदार हुआ है। चांद देखने के बाद शिया समुदाय के लोगों ने ऐलान किया है कि आज यानी 31 मार्च को ईद मनाई जाएगी।




## कलम जो बेच आए दरबारों में, तो फर्क क्या रहेगा हममें और गद्दारो में

### नवसंवत्सर पर हुआ कवि सम्मलेन देर रात तक 11 कवियों ने श्रोताओं को किया भाव विभोर

नर्मदापुरम (निप्र)। नव संवतसर गुडी पडवा के पावन अवसर पर विगत 20 वर्षो की भांति इस वर्ष भी साहित्यक आयोजन की श्रंखला में नर्मदा आव्हान सेवा समिति व्दारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन सेठानी घाट पर किया। जबलपुर की कवियत्री डॉं प्रतिभा पटैल ने कहा पुराना वर्ष दरिया में वह कर दूर हो गया चलो मिलकर मनाएं जश्न की नये साल में हम। कवियो ने रात्री के साढे तीन बजे तक गीत, गजल हास्य व्यंग्य ओज की रचनाओं से श्रोताओ को भाव विभोर किया। कवि सम्मेलन का संचालन कौशल सक्सेना व कवि सम्मेलन से पूर्व का संचालन वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा और डॉ हरिओम दीक्षित ने किया।




कवि सम्मेलन में 11 कवियों ने कविता पाठ किया राजस्थान से आये हास्य कवि सुरेंद्र यादवेंद्र बाँरा कोटा ने कहा पाकिस्तानी सरहद पर सिर्फ किराये के हथियार लड़ते हैं हमारी सीमा पर संस्कृति लड़ती है संस्कार लड़ते हैं। उत्तरप्रदेश से ओज कवि मनोज चौहान ने अपनी कविता पर श्रोताओ को खूब ताली बटोरी एंव वंदेमातरम ओर भारत मात की जय घोष हुआ। राजस्थान से आये हास्य कवि राजेश लोटपोट ने कहा जिंदगी निकाल देती है दिन दिहाड़ी कभी खेत, कभी मेड़ कभी पहाड़ी में, बच्चे भूखे ना सो जाएं इसलिए माँ पूरा साल निकाल देती है एक साड़ी में। भुवन सिंह धांसू ने व्यंग्य रचना के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराईयों पर कटाक्ष किया। भोपाल के कुमार नितेश नैश ने कहा धूप धनक गुल तितली बिजली फूलो में आ जाता है,उसका इक इक रंग सिमटकर नरवरों में आ जाता है। हरदा के युवा गजलकार जय कृष्ण चांडक ने कहा आप नफरत रखो एक पलड़े में पर मैं मोहब्बत को रक्खूँगा दोनों तरफ,। मुलताई के युवा हास्य कवि दीपक साहू सरस मुलताई ने कहा जो है तुम्हारा वो हमारा हाल कर दिया होता। नहीं था जवाब तो सवाल कर दिया होता। भोपाल से आई सुनीता पटैल ने कहा जो मेरे देश का सम्मान खतरे में नजर आए, बन के तलवार दुर्गा सी कलम अंगार लिखती है।

नागपुर के युवा ओज कवि विनोद विद्रोही ने कहा गर हम भी डूब गए प्रेम श्रृंगारों में तो कौन करेगा धार तलवारो में। कलम जो बेच आए दरबारों में तो फर्क क्या रहेगा हममे ओर गद्दारो में। कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे कौशल सक्सेना ने अपने चिर परिचित अंदाज में वीर रस की कविताओं से राष्ट्रभक्ति का अलख जगाया। इस अवसर पर केप्टन करैया हंस राय, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश चौधरी, राजेश तिवारी, पंकज शुक्ला, श्रीमती आरती शर्मा, प्रकाश शर्मा, रामू यादव, रामेश्वर पटेल, सुभाष यादव, डॉ हरिओम दीक्षित, राजीव पाठक, सावन कुमार, मनोहर सराठे, उमाशंकर व्यास, शिवा यादव, आर्दश करैया ने आमंत्रित कवियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण प्रस्तवना केप्टिन करैया ने आभार प्रदर्शन सुभाष यादव ने किया। देर रात बडी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## नववर्ष और नवरात्रि के शुभारंभ पर हुए धार्मिक आयोजन

### भजनों की हुई प्रस्तुति, चेती चांद के अवसर पर निकला जुलूश

नर्मदापुरम(निप्र)। सनातनी परंपरा के तहत नर्मदा नगरी में नवसंवतसर और नवरात्र के शुभारंभ अवसर पर पूरे दिन धार्मिक आयोजन होते रहे। सभी मंदिरों में पूजन पाठ के क्रम जारी रहे। देवी भक्तों के द्वारा व्रतोपासना की जा रही है। अनेक स्थानों पर घट स्थापना के साथ ही पांच स्थानों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना की गई। शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में नवसंवतसर गुडीपड़वा पर मंदिरों में धार्मिक आयोजन शुरू हो गए हैं। मंदिरों में सुबह से जल चढ़ाने वालों का तांता लगा हुआ था। देवी भक्तों के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान शुरू कर दिए गए हैं। शहर में तीन स्थनों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। अनेक स्थानों पर जवारे स्थापित किए गए हैं। अब पूरे नवरात्र में देवी जी के भजन कीर्तन के आयोजन जारी रहेंगे। सिंधी समाज के द्वारा पिछले दिनों से जारी झूलेलाल जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। युवाओं के द्वारा वाहन रैली तथा शाम को समाज के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई।


### देवी मंदिरों में जस के आयोजन

महिला मंडलों के द्वारा शहर के अनेक देवी मंदिरों में देवी जस के आयोजन किए जा रहे हैं। जिसमे कोठीबाजार के शक्ति मंदिर में दोपहर तथा सायंकाल अनेक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। अन्य देवी मंदिरों में भी धार्मिक आयोजन शुरू हो गए हैं।

### सलकनपुर देवी धाम दर्शन करने पदयात्रा पर निकले सैकड़ों श्रद्धालु

प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां बिजासेन देवी मां के दर्शन करने के लिए पदयात्रा प्रारंभ हो गई है। पदयात्रा में नगर एवं आसपास ग्रामों के सैकड़ों श्रद्धालु हाथ में ध्वज लिए नगर के भोपाल तिराहा मार्ग व अन्य मार्ग से निकल रहे हैं। अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया जा रहा है उन्हें ठंडे पानी की व्यवस्था की जा रही है। मां के जयघोष से पदयात्रा की जा रही है।

### ईद मुबारक



दैनिक क्षितिज किरण परिवार की ओर से हमारे पाठकों को ईद मुबारक

**सपांदक**

### अवकाश की सूचना

दैनिक क्षितिज किरण के कार्यालय में ईद के अवसर पर अवकाश रहेगा अतः अगला अंक दिनांक 2 अप्रैल 2025 को प्रकाशित होगा ।

**प्रबंधक**





## विविध-समाचार

### सांसद ने विक्रमोत्सव कार्यक्रम को किया संबोधित

भोपाल (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा ने रविवार को भोपाल के शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित विक्रमोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होकर संबोधित किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मालती राय, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति एवं नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

#### दो दिवसीय बूट कैंप

सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ने रविवार को श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय में आई.एम. बीजेपी फ्यूचर फोस के दो दिवसीय बूट कैंप के दूसरे दिन सत्र को संबोधित किया।

### महापौर ने पाथवे एवं बाउंड्रीवाल निर्माण का किया भूमिपूजन

भोपाल(आरएनएस)। महापौर मालती राय ने जोन क्रमांक 06 के अंतर्गत वार्ड क्र. 48 के ई-7 अरेरा कालोनी स्थित पार्क में लगभग 6.50 लाख रूपये की लागत से पार्क का पाथवे एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पार्षद अरविंद वर्मा, अभिषेक पुरोहित, शक्ति दुबे व बड़ी संख्या में रहवासीगण उपस्थित थे।महापौर मालती राय ने शनिवार को जोन क्रमांक 06 के अंतर्गत वार्ड क्र. 48 के अंतर्गत ई-7/811 के सामने स्थित पार्क में पाथवे एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन किया। पाथवे एवं बाउंड्रीवाल निर्माण का कार्य लगभग 6.50 लाख रूपये की लागत से कराया जायेगा। पाथवे एवं बाउंड्रीवाल बनने से पार्क आवारा पशुओं आदि से पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेगा वहीं पाथवे निर्माण होने से नागरिकगण अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रात:कालीन भ्रमण हेतु इसका उपयोग कर सकेंगे। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महापौर राय का आभार व्यक्त किया।

### निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ''सौगात-ए-मोदी'' के अंतर्गत गरीबों में सहायता किट वितरण कार्यक्रम में हुए सम्मिलित

भोपाल (आरएनएस)। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी अल्पसंख्यक मोर्चे द्वारा आयोजित ''सौगात-ए-मोदी'' के अंतर्गत गरीबों में सहायता किट वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और अल्पसंख्यक परिवारों को राशन किट वितरित की। निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने पवित्र रमजान माह एवं ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष एम. एजाज खान, शमीम खान, हनीफ भाई, मुन्ना बाबा सहित अल्पसंख्यक मोर्चे के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी शनिवार को अल्पसंख्यक मोर्चे द्वारा आयोजित ''सौगात-ए-मोदी'' के अंतर्गत गरीबों में सहायता किट वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और अल्पसंख्यक परिवारों को राशन किट वितरित की। निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने इस अवसर पर पवित्र रमजान माह एवं ईद पर्व की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



भोपाल के भवानी चौक चौराहे पर हिंदू नव वर्ष पर एक दूसरे को तिलक लगाकर बधाई देते हुए।

## चौराहे पर पुलिस चौकी के पास ही मुसाफिर को डंडा मारकर लूटा

भोपाल(ए)। पुराने शहर के अल्पना तिराहा पर पुलिस चौकी के नजदीक ही ऑटो से आये बैखौफ बदमाशो ने एक यात्री को डंडा मारकर उसे घायल किया और उसका मोबाइल लूट कर फरार हो गये। बताया गया है की हरे रंग के ऑटो से आए तीन बदमाशों ने पहले तो घायल युवक को रोककर उसे धमकाते हुए नकदी और मोबाइल देने उनके हवाले करने को कहा। जब उसने इसका विरोध किया तो तब बदमाशो ने उसके सिर पर डंडा मारा और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। रात करीब साढ़े सात बजे हुई इस वारदात के समय चौकी पर पुलिसकर्मी भी मौजूद थे, लेकिन उन्हें घटना की भनक तक नहीं लगी। बाद में लोगो की भीड़ जमा होने पर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद डायल 100 को मौके पर बुलाकर घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार विदिशा के रहने वाले फरियादी बसंत प्रताप सिंह राजपूत विदिशा में खेती-किसानी करते हैं। करोंद क्षेत्र में उनका करीबी दोस्त रहता है। भोपाल शहर घूमने के लिये वह शनिवार सुबह भोपाल आए और अपने दोस्त के साथ दिनभर घूमने के बाद रात के समय घर जाने के लिये ट्रैन पकड़ने भोपाल स्टेशन जा रहे थे। रात करीब साढ़े सात बजे जैसै ही वह अल्पना तिराहा पुलिस चौकी के पास पहुंचे तभी हरे रंग के ऑटो में सवार तीन युवक आए। ऑटो रोककर उसमें दो बदमाश उतरे और बसंत के नजदीक आकर उससे मोबाइल और पर्स देने की मांग की। फरियादी ने जब उनका विरोध किया तब एक बदमाश ने धमकी देते हुए ऑटो से डंडा निकाला और जोर से उसके सिर पर मार दिया। सिर में चोट आने से उनके सिर से खून निकल आया। इसके बाद बदमाशों ने उनकी जेब से मोबाइल निकाला और भाग गये।

## भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े स्थानों को तीर्थस्थल के रूप में किया जा रहा है विकसित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री ने चेटी चंड पर्व के कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल जयंती और चैत्र प्रतिपदा नववर्ष की दी मंगलकामनाएं**

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन के टावर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशवासियों एवं विशेष रूप से सिंधी समाज के सभी भाई और बहनों को चेटी चंड महापर्व की मंगलकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चेटी चंड सिंधी समुदाय का एक प्रमुख त्योहार है, जिसे भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। वे जल देवता के रूप में पूजे जाते हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध अभिनेता श्री गोविंदा भी सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चेटी चंड का यह पावन पर्व भगवान झूलेलाल की कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लेकर आए। उज्जैन नगरी भगवान श्रीमहाकाल और श्रीकृष्ण की नगरी है, यह कला की नगरी, उत्कर्ष की नगरी है, आध्यात्म का केंद्र है, सम्राट विक्रमादित्य की नगरी में विक्रमोत्सव के अवसर पर सभी को चेटी चंड पर्व और चैत्र प्रतिपदा की मंगलकामनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अवसर हमें प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता के मूल्य सिखाता है। भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद देश-प्रदेश पर बना रहे और हमारा प्रदेश विकास, भाईचारे और खुशहाली की नई ऊँचाइयों को छुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम पशुपालक कृषक भाइयों के लिए दूध उत्पादन में वृद्धि करने पर बोनस प्रदान कर रहे है, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। भगवान श्रीकृष्ण के



जीवन से जुड़े स्थानों को तीर्थ के रूप में श्रीकृष्ण पाथेय न्यास अंतर्गत विकसित कर रहे है। सांसद अनिल फिरोजिया ने चैत्र प्रतिपदा नववर्ष और चेटी चंड पर्व की मंगलकामनाएं दी। अभिनेता गोविंदा ने कहा कि भगवान बाबा श्रीमहाकाल और भगवान श्री झूलेलाल सभी के जीवन में सुख शांति और समृद्धि देकर सबका कष्ट हरे। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विकास और अध्यात्म को साथ लेकर कार्य करने के लिए मंगलकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में ध्वजा फहराकर ने चेटी चंड पर्व पर आयोजित सामाजिक रैली की शुरुआत की।

### महापौर चैती चांद एवं भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा में हुई सम्मिलित

भोपाल (आरएनएस)। महापौर मालती राय चैती चांद एवं भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा में सम्मिलित हुई और भगवान झूलेलाल की आरती उतारकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता गिरीश शर्मा, वार्ड 57 के पार्षद सुरेन्द्र बाडिका, सु-संस्कृति सामाजिक संस्था एवं शोभा यात्रा आयोजन समिति के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

महापौर मालती राय शनिवार को चैती चांद एवं भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर सी सेक्टर इंद्रपुरी में सु-संस्कृति सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित भगवान झूलेलाल की शोभा यात्रा में सम्मिलित हुई और शोभा यात्रा का स्वागत किया। महापौर राय ने भगवान झूलेलाल की आरती उतारकर पूजा अर्चना की और चैती चांद एवं भगवान झूलेलाल जयंती की शुभकामनाएं दी।

## युवा पीढ़ी को नव संवत्सर मनाने के लिए हर स्तर पर पहुंचानी होगी जानकारी : उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

**राजधानी भोपाल के शास. सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ विक्रमोत्सव-2025 का आयोजन**

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि प्रदेश की युवा पीढ़ी को नव संवत्सर मनाने के लिये प्रदेश के ग्रामीण स्तर तक नव वर्ष की जानकारी पहुंचानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिपदा, नव संवत्सर, हिन्दू नव वर्ष और गुड़ी पड़वा आज चैत्र नवरात्र से शुरू होता है। आज का दिन सूर्य उपासना का दिन है। आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। यह जानकारी नई पीढ़ी को मिले, इसलिए इस तरह के आयोजन किए जाने चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विक्रमोत्सव-2025 कोटि सूर्योपासना के जिला स्तरीय आयोजन को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने का आज शुभ दिन है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस कार्यक्रम को



भव्य रूप से पूरे प्रदेश में मनाने का जो बीड़ा उठाया है, वो सराहनीय है। उज्जैन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। श्री देवड़ा ने कहा कि यह नव वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो और देश-प्रदेश आगे बढ़े। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में अव्वल बने। इसके लिये हम सबको संकल्पित होकर कार्य करना होगा।

सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हम प्रतिवर्ष विक्रमोत्सव मनाएंगे। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर के बाद जिस पहली जनवरी को न्यू ईयर मनाया जाता है, उसका कोई इतिहास नहीं है। नव संवत्सर हमारा विजय दिवस है, शक्ति आराधना दिन है। हम सभी को आज अपने-अपने घर पर विजय पताका फहराना है। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि दुनिया जिस कैलेन्डर पर चल रही है, उससे 57 साल पहले हमारा कैलेण्डर आ चुका था। आज से हम सभी 9 दिन माँ की आराधना अलग-अलग तरीके से कर ऊर्जा प्राप्त करेंगे। प्रधानमंत्री नवरात्र पर नौ दिन व्रत के दौरान सिर्फ नींबू पानी पर रहते हैं। प्रधानमंत्री दुनिया के किसी भी कोने में जाते हैं तो वहां मंदिरों का भ्रमण भी करते हैं और भारत की संस्कृति और योग की बात करते हैं।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ने रविवार को राज्य संग्रहालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को सुना



भोपाल (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ने आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स के प्रतिभागियों के साथ रविवार को श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्यकम को सुना। पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने भोपाल के शाहपुरा मंडल के बूथ क्र. 237 में एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने रायसेन जिले के खरबई मण्डल के ग्राम रतनपुर के बूथ क्र. 118 में महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष श्रीमती सुशीला बाई कुशवाह के निवास पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को सुना।

***-मन की बात कार्यक्रम सामाजिक आंदोलन और जनक्रांति बन गया- विष्णुदत्त शर्मा***

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मन की बात कार्यक्रम के पश्चात मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम देश के जन-जन की बात और आवाज है। यह कार्यक्रम अब सामाजिक आंदोलन और जनक्रांति बन गया है। देश के पास सशक्त नेतृत्व के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। श्री मोदी जी ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिनके पास देश की छोटी-छोटी जानकारियां भी होती हैं। देश के गरीब एवं किसानों के जीवन में बदलाव आएं, यह उनकी प्राथमिकता है। देश की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक प्रगति हो, यह प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की प्राथमिकता है, जिसके लिए वे लगातार प्रयत्नशील रहते हैं। प्रधानमंत्री जी ने आज मन की बात कार्यक्रम में ऐसे लोगों का उल्लेख किया जो पर्दे के पीछे रहकर समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री जी अपने कार्यक्रम में राजनीति से उपर उठकर सामाजिक विषयों पर चर्चा करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने आज जल संरक्षण का संदेश पूरे देश को दिया है। उन्होंने बच्चों और खेलो इंडिया में दिव्यांगजनों और टेक्सटाइल के बारे में उल्लेख किया है। प्रधानमंत्री जी ने मध्यप्रदेश की छिंदवाड़ा वनवासी क्षेत्र में महुआ के फूल से कुकिज कैसे बनाई जाती है, इसका उल्लेख कर प्रशंसा की है। वहीं गुजरात के कृष्ण कमल का भी जिक्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने कार्यक्रम में किया है।

**मन की बात कार्यक्रम देशवासियों के लिए प्रेरणादायक- सुश्री बांसुरी स्वराज**

सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री जी ने आज माय समर हॉलीडेज के हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर गर्मियों की छुट्टी का अनुभव साझा करने की अपील प्रेरणादायक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा वनवासी क्षेत्र में महुआ के फूल से कुकिज कैसे बनाई जाती है इसकी जानकारी भी दी एवं कृष्ण कमल के पुष्प का भी जिक्र किया।



भोपाल के अलीगंज बोहरा समाज की मस्जिद में ईद मनाई गई।



भोपाल के चौक बाजार में ईद की खरीदारी करती हुई बाजारों में महिलाएं।

### लुटेरो नें बहन-बेटी के साथ प्रेयर कर लौट रही एक्टिवा सवार महिला के गले से चैन झपटी

भोपाल(ए)। शहर के शाहपुरा थाना इलाके में बैखौफ बाइक पर सवार दो लुटेरो ने एक महिला को अपना निशाना बनाकर उसके गले में पहनी सोने की चेन झपटकर भाग गए। पुलिस आरोपियो की पहचान जुटाकर उनकी धरपकड़ के प्रयास कर रही है। बताया गया है की घटना 27 मार्च रात करीब साढ़े आठ बजे की है। वारदात के समय पीड़िता अपनी छोटी बहन के साथ गिरजाघर से प्रेयर सभा में शामिल होने के बाद वापस लौट रही थी। मिली जानकारी के अनुसार शाहपुरा थाना क्षेत्र के रोहित नगर के नजदीक बंसल विहार कॉलोनी में रहने वाली शिरीन लुईस पिता स्वर्गीय जन लुईस (40) गुरुवार शाम को अपनी छोटी बहन डर्थी लुईस और बेटी के साथ दो पहिया एक्टिवा वाहन से सलैया में स्थित बीडीए कॉलोनी में गिरजाघर में प्रार्थना सभा में शामिल होने गई थी। देर शाम तीनो गिरजाघर से वापस लौट रही थी। करीब साढे सात बजे जैसै ही तीनों एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुंची तभी बिना नंबर की बाइक पर सवार आये दो बदमाशो में से पीछे बैठे युवक ने शिरीन लुईस के गले में पहनी हुई सोने की चेन पर झपट्टा मारकर उसे अपने कब्जे में कर लिया, सोने की चेन में सोने का एक पेंडेंट भी था। महिला ने पुलिस को बताया की बाइक चला रहा लड़का हेलमेट पहने था। महिला पहले घटना की शिकायत दर्ज कराने मिसरोद थाने पहुंची थी।

## गुलामी का कोई चिन्ह भारत भूमि पर नहीं रहेगा -मिलिंद पराडे

इंदौर (आरएनएस)। 51 हजार युवाओं ने नशा मुक्त भारत बनाने का एवं भारत में बढ़ती जनसंख्या असंतुलन को संतुलित करने का तीन बच्चे का जन्म हिन्दू परिवार में हो ऐसा संकल्प लिया इंदौर के नेहरू स्टेडियम में बजरंग दल के हजारों कार्यकर्ताओं का एकत्रीकरण जगतगुरु स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती जी महाराज एवम संतों की गरिमामय उपस्थित में हुआ। इंदौर के पांच अलग-अलग स्थान चिमनबाग मैदान से इंदौर विभाग के कार्यकर्ता

एम जी एम मेडिकल कॉलेज से शाजापुर विभाग के कार्यकर्ता होलकर कॉलेज ग्राउंड से खरगोन ,धार ,रतलाम विभाग के कार्यकर्ता इंदौर समाचार मैदान से उज्जैन,मंदसौर विभाग के कार्यकर्ता मोदी का भट्टा सवांद नगर से खण्डवा विभाग के कार्यकर्ता शौर्य यात्रा के रूप में हजारों कार्यकर्ता नेहरू स्टेडियम पहुंचे। भव्य सभा को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि - बड़ी चिंता का विषय है नशे से युवा पीढ़ी का प्रचंड नुकसान हो रहा है हमारी सफलता हमारा बल और हमारा शौर्य ओर जागरूकता से ही नशे को रोक सकता है।हमारे अनेकों व्यपार हिंदू समाज के हाथ से निकलते जा रहे हैं ।हर हिंदू अपनी संस्कृति का कार्यकर्ता बने अपने धर्म का कार्यकर्ता बने राष्ट्र का कार्यकर्ता बने।अपनी जाति भाषा प्रांत को भूलकर हम सब हिंदू एक है यह भावना होना चाहिए।

मंदसौर ,रतलाम, उज्जैन, खण्डवा ,खरगोन,शाजापुर, धार के विभाग के कार्यकर्ता 500 बसों से 2500 चार पहिया वाहनों और करीब 5000 से अधिक दो पहिया वाहनों से शहर में प्रवेश किया। शौर्य कुंभ में मलखंभ एवम कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

शौर्य यात्रा मार्गो को समाज द्वारा भगवा पताकाओं से सजाया गया था।सामाजिक , राजनीतिक एवं रहवासी संगठनों द्वारा शौर्य यात्रा का अनेकों मंच से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप राधे राधे बाबा ,बजरंग दल के राष्ट्र संयोजक नीरज दनेरिया ,विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह, प्रान्त संघटन मंत्री खगेन्द्र भार्गव, प्रान्त मंत्री विनोद शर्मा के साथ अनेकों समाज प्रमुख एवम बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।उपरोक्त जानकारी प्रांत मंत्री विनोद कुमार शर्मा ने दी।

# स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने शासकीय कन्या शाला गाडरवारा का किया निरीक्षण



नरसिंहपुर (ए) । स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शनिवार को नरसिंहपुर जिले के शासकीय कन्या शाला गाडरवारा का निरीक्षण किया। उन्होंने एक अप्रैल से नये शैक्षणिक सत्र की तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

स्कूल प्रशासन ने बताया कि कन्या शाला में करीब एक हजार छात्राओं के नाम अध्ययन के लिये दर्ज है।

मंत्री श्री सिंह ने शाला भवन निर्माण की स्थिति की जानकारी नगर पालिका अधिकारी से प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन काम गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूरा किया जायें।

मंत्री श्री सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से एक अप्रैल से 4 अप्रैल 2025 तक चलने वाले "स्कूल चलें हम अभियान" और "प्रवेशोत्सव कार्यक्रम" में होने वाली गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी उनके साथ थे।

## सदर स्थित काशी तालाब की सफाई कर जल गंगा संवर्धन अभियान का किया शुभारंभ

बैतूल(ए.)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश में जल संसाधनों का संरक्षण और पुनर्निर्माण के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया है। इसी तारतम्य में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा मोहन नागर के मार्गदर्शन में बैतूल जिले के नगरीय निकाय अन्तर्गत सदर स्थित काशी तालाब में जल स्वच्छता अभियान प्रारंभ कर किया गया। कार्यकम में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष व राज्य मंत्री दर्जा मोहन नागर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति पार्वती बाई बारस्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष आनंद प्रजापति, वरिष्ठ समाज सेवी बबलू हेमंत दुबे, नागरिक बैंक अध्यक्ष अतीत पंवार, संमाज सेवी श्रीमती वंदना ककुंभारे बैतूल ब्लॉक की समस्त नवांकुर संस्था से सुश्री तूलिका पचौरी, श्रीमती रेखा गुजरे, तरुण वैद्य, इंद्रदेव कवडकर, संजय शुक्ला सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की।

# जिले भर में मनाया गया विक्रम संवत नववर्ष

### पचमठा धाम में ध्वज वंदन के साथ नववर्ष के प्रथम दिवस का हुआ स्वागत




रीवा(ए.)। विक्रम संवत 2082 का प्रथम दिवस जिले भर में उत्साह के साथ मनाया गया। पचमठा धाम रीवा में विक्रम नववर्ष के प्रथम दिवस पर ध्वज वंदन किया गया तथा मध्यप्रदेश नाटॠ विद्यालय के दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य नाटिका का मंचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीवा सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि यह दिन सांस्कृतिक पुनर्स्थापना का दिवस है। इस गौरवपूर्ण दिन को हम सबको पूरे श्रद्धाभाव के साथ मनाते हुए अपनी प्राचीन संस्कृति व विरासत से जुड़ना होगा। हमारी पुरातन काल की वेधशाला की गणना आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति भी से भी आगे है। विक्रम संवत की शुरूआत 57 ई.पूर्व हुई थी। यह भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण काल गणना तंत्र बन गया। जो आज भी प्रचलित है। इसी के आधार पर हमारे धार्मिक व सामाजिक अनुष्ठान किए जाते हैं। सांसद श्री मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण के कार्य प्रारंभ हुए हैं।

# किसानों से अपील- नरवाई न जलाएं, धरती बचाए

### नरवाई जलाने पर होगी कार्रवाई

इन्दौर (ए.) । इंदौर जिले में किसानों से आग्रह किया गया है कि वे पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से नरवाई नहीं जलाये। नरवाई जलाना पर्यावरण , मानव जीवन और भूमि की उर्वरा शक्ति के लिये हानिकारक है। जिले में वर्तमान में गेहूं के साथ-साथ अन्य फसलों की कटाई का कार्य



किया जा रहा है। कटाई के उपरांत खेतों में शेष अवशेषक (नरवाई) बचता है जिन्हें किसान अनुपयोगी समझकर आग लगाकर नष्ट कर देते है इससे भूमि की उर्वरा शक्ति कमजोर होती है एवं प्रदूषण फैलता है।

उप संचालक कृषि सी.एल.केवड़ा ने बताया कि नरवाई में लगभग नत्रजन 0.5 प्रतिशत, स्फुर 0.6 प्रतिशत और पोटाश 0.6 प्रतिशत पाया जाता है, जो नरवाई में जलकर नष्ट हो जाता है। भूमि में उपलब्धत जैव विविधता समाप्त हो जाती है अर्थात भूमि में उपस्थित लाभ दायक सूक्ष्म जीव एवं केचुआं आदि विभिन्न जीव जलकर नष्ट हो जाते है, जिससे भूमि की भौतिक दशा खराब हो जाती है। भूमि कठोर हो जाती है जिसके कारण भूमि की जलधारण क्षमता कम हो जाती है। फलस्वरूप फसलें जल्दी सूखती है। भूमि में होने वाली रासायनिक क्रियाएं भी प्रभावित होती है जैसे कार्बन, नाईट्रोजन एवं कार्बन फास्फोरस का अनुपात बिगड जाता है, जिससे पौधो को पोषक तत्व ग्रहण करने में कठिनाई होती है। कई बार नरवाई की आग फैलने से जनधन की हानि होती है एवं पेड़-पौधे जलकर नष्ट हो जाते है। कृषि विभाग की ओर से ग्राम पंचायतों के सूचना पटलों पर पहले ही सूचना बनाम चेतावनी भी चस्पा की जा चुकी है। पंचायतवार कार्यक्रम बनाकर किसानों को नरवाई न जलाने की समझाइश दी जा रही है।

# इंदौर जिले प्रारंभ हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान

### तीन माह के अभियान में नये तालाब बनेंगे, पुराने तालाबों, बावड़ियों तथा कुँओं का होगा जीर्णोद्धार-सघन वृक्षारोपण भी किया जायेगा

इन्दौर (ए.) । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार इंदौर जिले में आगामी तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान का आज शुभारंभ हुआ। पहले दिन आज जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिये जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किये गये। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार कराया जायेगा। साथ ही सघन वृक्षारोपण भी होगा। इसके लिए जिले में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। यह अभियान आगामी 30 जून तक सतत चलेगा। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रारंभ किया गया है। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि इस अभियान को सभी के सहयोग से जन आंदोलन के रूप में चलाया जायेगा। अभियान में जल संरक्षण के साथ ही वृक्षारोपण पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। अभियान के तहत शुरूआत में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य किये जायेंगे। इस अभियान में जल स्त्रोतों और देवालयों की सफाई की योजना बनाई जाएगी। यह संतों, जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जाएगा । कार्य पूर्ण होने पर वरुण पूजन और जल अभिषेक होगा तथा रखरखाव की जिम्मेदारी स्थानीय समुदायों को दी जाएगी।

यहाँ हुये कार्यक्रम जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि अभियान के पहले दिन आज ग्रामीणों के सहयोग से विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



किये गये। इस अवसर पर जिला पंचायत के माध्यम से जल संरक्षण संबंधी विभिन्न कार्यों की शुरूआत की गयी। आज जिले के महू जनपद पंचायत के ग्राम जामबुजुर्ग में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें तालाब निर्माण कार्य की शुरूआत की गयी। इसी तरह गाँव में वर्षा जल को सहजने के लिये बोल्डर चेकडेम के निर्माण भी प्रारंभ किये गये। इसी प्रकार रामपुरिया ग्राम में भी ग्रामीणो के सहयोग से चेकडेम निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। अन्य ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। साफ-सफाई का काम हाथ में लिया गया। इसी जनपद पंचायत के ग्राम खुडैल खुर्द में भी तालाब की सफाई के कार्य की शुरुआत की गयी।

बनेंगे 19 नये अमृत सरोवर* जिले में गत वर्ष चलाये गये अभियान के तहत 101 नये अमृत सरोवर बनाये गये थे। इन सरोवरों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी। अभियान में अमृत सरोवर 2.0 के तहत 19 नए तालाबों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिस पर लगभग 4 करोड़ 18 लाख रुपये व्यय होना संभावित है । अब तक 10 स्थलों का चयन हो चुका है, जबकि शेष का चयन 30 मार्च 2025 तक वैज्ञानिक (GIS) पद्धति से किया जाएगा ।

**तालाबों से हटेंगे अतिक्रमण**

अभियान के तहत राजस्व विभाग के साथ तालाबों का सीमांकन किया जायेगा। राजस्व अभिलेखों में नवीन तालाबों को दर्ज किया जायेगा। तालाबों पर अतिक्रमण को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जायेगी। तालाबों की सीमा को दर्शाने हेतु चॉदे-मुनारे बनाये जायेंगे। तालाबों का जन भागीदारी से गहरीकरण होगा । मनरेगा एवं अन्य योजनाओं से तालाब का जीर्णोद्धार और सुदृढ़ीकरण किया जायेगा। तालाबों में जल की आवक बढ़ाने के लिये इनलेट क्षमता बढ़ायी जायेगी। तालाबों के पास पौधारोपण होगा । उपयोगकर्ता समूह बनाकर संधारण एवं रख रखाव किया जायेगा।

**नदियों के स्त्रोत के कैचमेंट पर होंगे कार्य**

जिले की महत्वपूर्ण नदियों के स्त्रोत से वाटरशेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य किये जायेंगे । रिमोट सेंसिंग और फील्ड सर्वेक्षण के आधार पर कार्ययोजना बनाकर एक वर्ष के भीतर कार्य पूर्ण किया जाएगा । गेबियन संरचना, ट्रेंच, वृक्षारोपण, चेकडेम तालाब आदि कार्य समुदाय की भागीदारी से किये जायेंगे।

पूर्व में उपयोगी रहे लेकिन वर्तमान में अनुपयोगी चेकडेम व स्टॉप डेम का सर्वेक्षण किया जाएगा । सर्वेक्षण के आधार पर जीर्णोद्धार की कार्ययोजना तैयार कर कार्य किये जायेंगे। गाद निकालने में समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी ।


## व्यापार समाचार

# केंद्र सरकार ने 3,712 करोड़ रुपये के पटना-सासाराम 4-लेन हाइवे प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने शुक्रवार को बिहार में पटना से शुरू होकर सासाराम तक जाने वाले 120 किलोमीटर तक के 4-लेन प्रवेश-नियंत्रित ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड पटना-आरा-सासाराम कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी।

सीसीईए ने बैठक के बाद जारी किए बयान में कहा कि प्रोजेक्ट हाइब्रिड एनुटी मोड (एचएएम) में डेवलप किया जाएगा। इसकी लागत 3,712.40 करोड़ रुपये होगी। एचएएम एक पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल है जिसे सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में निजी क्षेत्र की भागीदारी को पुनर्जीवित करने के लिए डिजाइन किया गया है। सरकार प्रोजेक्ट के निर्माण के दौरान निजी डेवलपर को वार्षिक भुगतान के रूप में लागत का 40 प्रतिशत प्रदान करती है। निजी डेवलपर प्रोजेक्ट लागत का शेष 60 प्रतिशत लोन या इक्विटी के माध्यम से जुटाता है। सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया कि वर्तमान में, सासाराम, आरा और पटना के बीच संपर्क मौजूदा स्टेट हाईवे (एसएच-2, एसएच-12, एसएच-81 और एसएच-102) पर निर्भर करता है, जिसमें आरा शहर सहित भारी यातायात के कारण 3 से 4 घंटे लगते हैं।

मौजूदा ब्राउनफील्ड हाईवे के 10.6 किमी के अपडेट के साथ एक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर विकसित किया जाएगा, जिससे बढ़ती भीड़ को कम



किया जा सके, जिससे आरा, गड़हनी, पीरो, बिक्रमगंज, मोकर और सासाराम जैसे स्थानों में घनी आबादी वाले क्षेत्रों की जरूरतें पूरी हो सकेंगी।

यह प्रोजेक्ट एनएच-19, एनएच-319, एनएच-922, एनएच-131जी और एनएच-120 सहित प्रमुख परिवहन गलियारों को एकीकृत करता है, जिससे औरंगाबाद, कैमूर और पटना को निर्बाध संपर्क प्रदान होता है। इसके अतिरिक्त, यह प्रोजेक्ट 02 हवाई अड्डों (पटना में जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और आगामी बिहटा हवाई अड्डा), 04 प्रमुख रेलवे स्टेशनों (सासाराम, आरा, दानापुर, पटना) और 01 अंतर्देशीय जल टर्मिनल (पटना) को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा और पटना रिंग रोड तक सीधी पहुंच बढ़ाएगी, जिससे माल और यात्री आवागमन में तेजी आएगी। पूरा हो जाने पर, पटना-आरा-सासाराम कॉरिडोर क्षेत्रीय आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इससे लखनऊ, पटना, रांची और वाराणसी के बीच संपर्क में भी सुधार होगा। यह प्रोजेक्ट सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है, इससे रोजगार सृजन होगा, इन्फ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि होगी और बिहार में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस प्रोजेक्ट से 48 लाख मानव दिवस रोजगार सृजित होंगे तथा पटना और आसपास के विकासशील क्षेत्रों में विकास, प्रगति और समृद्धि के नए रास्ते खुलेंगे।

## एनएसई ने निफ्टी बैंक और निफ्टी मिड सिलेक्ट के डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स के लॉट साइज में किया बदलाव

मुंबई (ए.) नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने निफ्टी बैंक और निफ्टी मिड सिलेक्ट के डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स के लॉट साइज में बदलाव किया है।एनएसई के फ्यूचर्स और ऑप्शनंस (एफएंडओ) डिपार्टमेंट द्वारा निकाला गया सर्कुलर सेबी के दिशानिर्देशों के अनुरूप जारी किया गया है।नए सर्कुलर में निफ्टी बैंक के मौजूदा लॉट साइज को 30 से बढ़ाकर 35 कर दिया गया है। वहीं, निफ्टी मिड सिलेक्ट के एफएंडओ लॉट साइज को बढ़ाकर 140 कर दिया गया है, जो कि पहले 120 था।

इसके अलावा एनएसई ने अन्य किसी इंडेक्स के डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट में कोई बदलाव नहीं किया है।

निफ्टी 50 के एफएंडओ कॉन्ट्रैक्ट्स का लॉट साइज 75 बना हुआ है। इसके अलावा, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज के लॉट साइज को 65 और निफ्टी नेक्स्ट 50 के लॉट साइज को 25 पर बरकरार रखा गया है।

निफ्टी बैंक और निफ्टी मिड सिलेक्ट इंडेक्स के डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स में बदलाव मौजूदा मंथली एक्सपायरी कॉन्ट्रैक्ट्स 24 अप्रैल, 2025, 29 मई, 2025 और 26 जून, 2025 से नहीं होगा। बल्कि, यह 31 जुलाई को होने वाली मंथली एक्सपायरी से प्रभावी होगा।

इससे पहले, एनएसई ने निफ्टी, बैंक निफ्टी समेत सभी इंडेक्सों की एक्सपायरी 'महीने के आखिरी सोमवार' को करने का फैसला लिया था।

एनएसई की ओर से जारी सर्कुलर में कहा गया कि निफ्टी, बैंक निफ्टी, फिननिफ्टी, निफ्टी मिडकैप सिलेक्ट और निफ्टी नेक्स्ट 50 के एफएंडओ कॉन्ट्रैक्ट्स की एक्सपायरी हर महीने के आखिरी सोमवार को होगी।लेकिन भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आदेश के बाद, इस सर्कुलर पर फिलहाल के लिए रोक लगा दी गई है। सेबी के आदेश में कहा गया कि सभी डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स की एक्सपायरी मंगलवार और गुरुवार में से किसी एक दिन हो सकती है।

सेबी की ओर से यह आदेश ऐसे समय पर दिया गया था, जब एक्सचेंज डेरिवेटिव्स सेगमेंट में अधिक मार्केट शेयर हासिल करने के लिए एक्सपायरी में बदलाव कर रहे थे।

## अधिक यूएस टैरिफ से भारतीय फार्मा कंपनियों को मार्केट शेयर बढ़ाने में मिलेगी मदद : रिपोर्ट

मुंबई (ए.) । बढ़ते अमेरिकी टैरिफ से भारतीय फार्मा कंपनियों को मार्केट शेयर बढ़ाने में मदद मिल सकती है। यह जानकारी जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट में दी गई।

जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय दवा कंपनियों में बेहतर लागत प्रतिस्पर्धात्मकता के कारण अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धियों की कीमत पर बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की क्षमता है।

ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि अधिक टैरिफ के कारण इस बात की भी संभावना कम है कि भारतीय फार्मा कंपनियां अपनी मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं को अमेरिका में शिफ्ट करें।

जेपी मॉर्गन ने कहा कि उपभोक्ताओं के लिए दवाइयों की कीमत में वृद्धि और सीमित आपूर्ति के चलते फार्मास्यूटिकल्स पर 25 प्रतिशत या उससे अधिक टैरिफ असंभव है। रिपोर्ट में बताया गया कि अगर फार्मास्यूटिकल्स पर 10 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाता है, तो इसका एक बड़ा हिस्सा ग्राहकों को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। इसकी वजह दवाइयों की नियमित मांग बने रहना है।

टैरिफ में बढ़ोतरी का बाकी बचा हिस्सा मैन्युफैक्चरर्स और फार्मेसी बेनिफिट मैनेजर्स (पीबीएम) द्वारा वहन किया जाएगा। टैरिफ वृद्धि से दवाओं की लागत बढ़ने की आशंका है और मध्यम अवधि में अमेरिका में मरीजों के लिए बीमा प्रीमियम में भी वृद्धि होगी। ब्रोकरेज ने कहा कि अगर टैरिफ जारी रहता है, तो बड़ी भारतीय फार्मा कंपनियां अपनी बातचीत की शक्ति बढ़ाने के लिए एकजुट हो सकती हैं, लेकिन उनके बाजार से बाहर निकलने की संभावना नहीं है।

# ध्यान दें! वेतन पाने वाले लोगों के लिए 1 अप्रैल से बदल जाएंगे इनकम टैक्स से जुड़े ये नियम

नई दिल्ली (ए.) । नया वित्त वर्ष शुरू होने में 48 घंटे से भी कम का समय बचा हुआ है। इसके साथ ही इनकम टैक्स से जुड़े कई नियमों में बदलाव होने जा रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आम बजट 2025 में कई अहम ऐलान किए गए थे, जो कि एक अप्रैल से लागू हो रहे हैं, जिनका सीधा असर वेतन पाने वाले लोगों की जेब पर पड़ेगा। इन नए नियमों में इनकम टैक्स में अधिक छूट से लेकर टीडीएस नियमों में हुए बदलाव शामिल हैं। वित्त मंत्री द्वारा बजट में नई टैक्स रिजीम के तहत इनकम टैक्स में बढ़ाई गई छूट एक अप्रैल से लागू हो रही है। अब 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले लोग इनकम टैक्स छूट के दायरे में आएंगे। पहले यह आंकड़ा 7 लाख रुपये पर था।इसके अलावा, अगर वेतन पाने वाले लोगों को मिलने वाली 75,000 रुपये की स्टैंडर्ड डिडक्शन की छूट को मिला जाए तो इनकम टैक्स में छूट बढ़कर 12.75 लाख रुपये हो जाती



है। हालांकि, इनकम टैक्स छूट में कैपिटल गेन को शामिल नहीं किया गया है। इस पर अलग से टैक्स लगाया जाएगा।सरकार ने नई टैक्स रिजीम के तहत नए टैक्स स्लैब भी पेश किए हैं, जबकि पुरानी टैक्स रिजीम में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया गया है।अब नई टैक्स रिजीम के तहत 4 लाख रुपये तक की इनकम टैक्स-फ्री होगी, जबकि 4 लाख रुपये से 8 लाख रुपये के बीच की इनकम पर 5 प्रतिशत टैक्स लगेगा। इनकम बढ़ने के साथ टैक्स की दरें धीरे-धीरे बढ़ती जाएंगी और 24 लाख रुपये से अधिक इनकम पर यह 30 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।केंद्र सरकार ने बजट में सेक्शन 87ए के तहत मिलने वाली टैक्स छूट को 25,000 रुपये से बढ़ाकर 60,000 रुपये कर दिया है, जिससे नई टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपये तक की आय टैक्स-फ्री हो जाएगी। बैंक जमा पर मिलने वाले ब्याज पर टीडीएस कटौती की सीमा को 40,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया गया है। इसका मतलब यह है कि अब बैंक जमा पर मिली 50,000 रुपये तक की राशि पर कोई टीडीएस नहीं कटेगा। 1 अप्रैल से नियोक्ताओं द्वारा दिए जाने वाले लाभ और भत्ते अब कर योग्य सुविधाओं के रूप में वर्गीकृत नहीं किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, यदि कोई नियोक्ता किसी कर्मचारी या उसके परिवार के लिए विदेश में चिकित्सा उपचार की लागत को वहन करता है, तो इस व्यय को कर योग्य लाभ नहीं माना जाएगा।

## यूपीआई के नए नियम 1 अप्रैल से होंगे लागू, इनएक्टिव मोबाइल नंबर वाले यूजर्स को आ सकती है परेशानी

नई दिल्ली(ए.)। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने न्यूमेरिक यूपीआई आईडी सॉल्यूशन पर हाल ही में यूपीआई नंबर से जुड़े भुगतानों के लिए कस्टमर एक्सपीरियंस बढ़ाने के उद्देश्य से नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। नए दिशानिर्देश 1 अप्रैल से प्रभावी होंगे।इन नए दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना यूपीआई मेंबर बैंक, यूपीआई ऐप्स और थर्ड पार्टी प्रोवाइडर के लिए जरूरी होगा। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, इनएक्टिव मोबाइल नंबर से जुड़ी यूपीआई आईडी भी इनएक्टिव हो जाएगी। अगर किसी यूपीआई यूजर का बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर लंबे समय से इनएक्टिव है तो यूजर की यूपीआई आईडी भी अनलिंक हो जाएगी और यूजर यूपीआई सर्विस का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। ऐसे में यूपीआई सर्विस का इस्तेमाल करने वाले हर यूजर को यह सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि उसके बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर एक्टिव हो। सही मोबाइल नंबर के साथ बैंक रिकॉर्ड अपडेट रखे जाने पर ही यूपीआई सर्विस का बिना किसी परेशानी के इस्तेमाल किया जा सकेगा। इनएक्टिव या दोबारा असाइन किए गए मोबाइल नंबर को लेकर उनसे जुड़ी यूपीआई सर्विस को लेकर परेशानी आ सकती है। टेलीकॉम डिपार्टमेंट के नियमों के अनुसार, डिसकनेक्ट होने पर मोबाइल नंबर 90 दिन बाद एक नए यूजर को असाइन किया जा सकता है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## अमित शाह का संकल्प

केंद्र की वर्तमान सरकार का नक्सलमुक्त भारत अभियान अपनी गति पर है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के दो अलग-अलग अभियानों में 30 नक्सली मारे गए।

गृह मंत्रालय के अनुसार 2025 के इन तीन महीनों में 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 204 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। 2024 में 290 नक्सलियों को मार गिराया गया था। 2004 से 2014 के दौरान नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं। अब मोदी सरकारा के कार्यकाल में 2014-24 के बीच नक्सली हिंसा की संख्या 53 फीसद घटकर 7,444 रह गई है।

इन आंकड़ों को देखकर लगता है कि गृह मंत्री अमित शाह 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने का अपना संकल्प पूरा कर लेंगे। नक्सलवादी आंदोलन की भीतरी स्थिति क्या है, यह मालूम करने के स्रोत सूख गए हैं। अब जिस तरह का माहौल बन गया है, या सरकार ने बना दिया है, उसमें अब कोई भी न तो नक्सलवादियों की जमीनी हकीकत को सामने लाने की स्थिति में है और न उनके विचारधारात्मक पक्ष की वकालत करने की स्थिति में है।

सरकार प्राय: जिस अर्बन नक्सलवाद शब्द का प्रयोग करती है और जिन-जिन बौद्धिक या वैचारिक समूहों पर शहरी नक्सलवादी होने का आरोप लगाती है, वे भी वस्तुत: सरकार विरोधी हैं, नक्सलवाद समर्थक कम। यह इस दौर का ठोस यथार्थ है कि नक्सलवाद की जमीन अब खत्म हो गई है। मुख्य धारा का कोई भी राजनीतिक दल या क्षेत्रीय दल दलितों-आदिवासियों के शोषण को अपनी राजनीति के केंद्र में नहीं रखता। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी समूह न केवल बढ़-चढ़ कर चुनावी प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं, बल्कि नक्सलवाद को अपने लिए अवरोधक मानकर उसके प्रति तिरस्कार का रुख अपना रहे हैं। इन परिस्थितियों में नक्सलवादियों के लिए शायद यही श्रेष्ठ विकल्प है कि वे अपनी रणनीति बदलें और हथियार छोड़कर देश भर में व्याप्त शोषण और अन्याय के विरुद्ध वैचारिक विमर्श की रणनीति अपनाएं। इससे हो सकता है कि मौजूदा राजनीति को शोषण को समझने और उससे निपटने के लिए एक अधिक प्रभावी दृष्टि उपलब्ध हो।

# भविष्य में राजनीति का केंद्रबिंदु बनेगा परिसीमन

**अरविंद कुमार सिंह**

दक्षिण के राज्य तमिलनाडु से 2026 के परिसीमन को लेकर आरंभ हुआ विरोध अब देशव्यापी रूप लेने लगा है। संसद भवन परिसर में 20 मार्च को डीएमके सांसदों ने परिसीमन मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया और उनको अन्य कई विपक्षी दलों का साथ मिला है।

दक्षिणी राज्यों की ओर से मांग उठ रही है कि परिसीमन 2026 की जगह 2031 में कराया जाना चाहिए।

फिलहाल जो तस्वीर दिख रही है, उससे लगता है कि परिसीमन को लेकर उठ रहा सवाल भविष्य में राजनीति का केंद्रबिंदु बनेगा और इसमें दक्षिण ही नहीं, कई अन्य प्रांतों की ओर से भी सवाल उठेंगे जिन्होंने जनसंख्या पर प्रभावी नियंत्रण किया है। पर परिसीमन को लेकर दक्षिणी राज्यों में चिंताएं बाकी प्रांतों से अलग हैं। उनको लगता है कि अगर केवल जनसंख्या को आधार बना पर परिसीमन होगा तो उनकी राजनीतिक शक्तियां सीमित होंगी। उत्तर भारत के वे प्रांत और प्रभावी होंगे जो जनसंख्या में अव्वल हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 82, 170, 330 और 332 के तहत लोक सभा, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को प्रशासित किया जाता है। संविधान में व्यवस्था है कि हर 10 वर्ष पर जनगणना और उससे हासिल आंकड़ों के आधार पर एक दशक में परिसीमन होगा। 1951 से लेकर 1971 के दशक में ऐसा होता रहा। 2001 में निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं का पुन: निर्धारण हुआ पर लोक सभा और राज्य विधानसभाओं में सीटों की कुल संख्या अपरिवर्तित रही, क्योंकि तब भी दक्षिणी राज्यों का मुखर विरोध सामने आया था। अटलजी के प्रधानमंत्रीकाल में 2001 में तय किया गया कि 2026 तक सीटें नहीं बढ़ेंगी।

इस तरह देखें तो मौजूदा सीटें 1971 के आधार पर निर्धारित हैं, जब देश की आबादी केवल 54 करोड़ थी, लेकिन उसमें भी राज्य स्तर पर बहुत सी भिन्नताएं पाई गई हैं। उत्तर प्रदेश को तब भी अधिक प्रतिनिधित्व मिला था जबकि महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और केरल से लेकर हरियाणा तक को निम्न प्रतिनिधित्व मिला था। उस दौरान बाद में जब परिसीमन 25 सालों के लिए रोक दिया गया तो परिकल्पना थी कि 2026 तक उत्तर भारतीय राज्य आबादी पर प्रभावी नियंत्रण कर लेंगे। लेकिन हुआ उलटा। दक्षिणी राज्यों ने आबादी पर प्रभावी नियंत्रण किया और यहां तक कि कुछ की जनसंख्या वृद्धि दर नकारात्मक तक हो गई। पर उत्तरी राज्यों में आबादी में बेलगाम वृद्धि हुई। अब तक 2021 की जनगणना भी नहीं हो सकी है, लिहाजा परिसीमन के लिए 2011 का आधार भी बने तो भी दक्षिणी राज्यों को भारी नुकसान होगा। अभी जो मोटे आंकड़े सामने आ रहे हैं उनके हिसाब से परिसीमन होने पर मौजूदा लोक सभा की 543 सीटों में 200 और इजाफा होगा। कुल 750 सीटें में उत्तर के हिस्से में कुल 400 सीटें हो जाएंगी, जबकि मौजूदा दक्षिण भारत की 129 सीटों में महज 10 से 12 की वृद्धि हो सकेगी। लोक सभा की सीटें अगर 888 होंगी तो सबसे बड़ा फायदा उत्तर प्रदेश को ही मिलेगा, जो पहले से ही देश का भाग्यविधाता राज्य बना हुआ है।

अगर पैमाना 2026 की आबादी का आंकड़ा हो तो उत्तर प्रदेश की सीटें 80 से बढ़ कर 143 हो जाएंगी जबकि बिहार की 79, महाराष्ट्र की 76, कर्नाटक की 41, तमिलनाडु में 49। आलम यह होगा कि केरल की एक भी सीट नहीं बढ़ेगी। इसलिए तमिलनाडु राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। वहां के मुख्यमंत्री स्टालिन ने मुख्यमंत्रियों और राजनीतिक दलों के नेताओं की 22 मार्च को बैठक बुलाई है जिसमें कई दलों के नेताओं का प्रतिनिधित्व होगा। उन्होंने पहले भी प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया का विरोध करने हुए राज्यों के मुख्यमंत्रियों और प्रमुख दलों के नेताओं से समर्थन मांगा है। इसके पहले इसी माह चेन्नई में सर्वदलीय बैठक में बहुत से सवालों पर मंथन हुआ। 2026 तक देश की आबादी 142 करोड़ होगी। उस हिसाब से विभिन्न राज्यों में सीटों की कैसी वृद्धि होती है, यह भविष्य का सवाल है। पर सबसे अधिक फायदा उत्तर प्रदेश को होगा। फिर भी मोदी सरकार ने नये संसद भवन में सांसदों को बैठने के लिए लोक सभा चैंबर में 888 और राज्य सभा में 384 सीटों को भविष्य के हिसाब तैयार करा दिया है। पुराने भवन में लोक सभा चैंबर में 545 और राज्य सभा में 245 सीटें थीं। संविधान के तहत तहत 17 अप्रैल, 1952 को जब पहली लोक सभा का विधिवत गठन हुआ था तब सांसदों की संख्या 499 थी। सातवें संविधान संशोधन अधिनियम, 1956 के तहत तब सांसदों की अधिकतम संख्या उस दौरान पांच सौ तय हुई थी जो 31वें संविधान संशोधन 1973 में बढ़ा कर 525 हुई। फिर गोवा, दमण और दीव पुनर्गठन के बाद 530 हुई। फिलहाल राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के 543 लोक सभा सांसद हैं। राज्य सभा सांसदों की संख्या 1952 में 204 तय हुई थी जो 1966 में बढ़ कर 228 और 1987 में 233 होते हुए फिलहाल 245 है। इसमें 12 सासंद राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत हैं।अब सवाल कई हैं। जैसे सरकार किस साल की जनगणना को आधार बना कर सीटों का परिसीमन कराएगी। परिसीमन आयोग इसके लिए बनाना होगा जो तय मानकों के हिसाब से सीटों की संख्या का राज्यवार निर्धारण करेगा, जिसकी संविधान संशोधन विधेयक के माध्यम से संसद के दोनों सदनो में दो तिहाई के बहुमत के साथ मंजूरी दिलानी होगी। 2023 में भावी परिसीमन को लेकर लोक सभा में कुछ सवाल उठे थे जिसका सरकार ने गोल मोल जवाब दिया था। संख्या या आयोग के बारे में कोई सटीक जानकारी नहीं दी गई थी। मई, 2023 में एम के स्टालिन ने 20 दलों को एक साथ जुटा कर जातिगत जनगणना के पक्ष में काफी माहौल बनाया था। 2024 के लोक सभा चुनाव में सामाजिक न्याय का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। इस बार परिसीमन का मुद्दा अहम बनने जा रहा है। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फरवरी में ही कह चुके हैं कि दक्षिणी राज्यों को कोई नुकसान नहीं होगा, पर सरकार अभी तक किसी ठोस प्रस्ताव तक नहीं पहुंची है। इस कारण बहुत से मुद्दे अभी उठेंगे और राजनीति गरमाएगी।



केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने पटना के खगौल में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन पूजा की.

# ईद पर सौगात तो दीपावली पर उपहार क्यों नहीं ?

**तनवीर जाफ़री**

भाजपा द्वारा गत दिनों सौगात-ए-मोदी नामक एक अभियान की शुरुआत की गयी। इस अभियान के अंतर्गत देश के 32 लाख मुसलमानों को ईद मनाने के लिए विशेष किट दिये जाने का समाचार है। ख़बरों के मुताबिक़ भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं के माध्यम से देश की अनेक चयनित मस्जिदों में कम से कम 100 लोगों को सौगात-ए-मोदी रुपी विशेष किट देकर उन्हें सहायता पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मोदी की इस सौगात में महिलाओं के लिए सूट, पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, दाल, चावल, सेंवई , सरसों का तेल, चीनी, कपड़े, मेवा, खजूर आदि शामिल हैं। देश भर में मुसलमानों के साथ केंद्र से लेकर अनेक भाजपा शासित राज्यों द्वारा जिसतरह का सौतेला व्यवहार किया जा रहा है इन हालात के मद्देनज़र ईद पर सौगात-ए-मोदी पर चर्चा होना लाज़िमी है। सौगात-ए-मोदी से जुड़े ऐसे कई सवाल हैं जिसका जवाब देश की जनता सुनना चाहती है। पहला सवाल तो यही कि अपनी स्थापना के समय से ही कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली भाजपा की नज़रों में क्या यह तुष्टिकरण नहीं है ? क्या कांग्रेस या अन्य दल अल्पसंख्यकों के फ़ायदे के लिये कोई योजनाएं लाएं तो केवल वही तुष्टिकरण है और भाजपा जो करे उसे सन्तुष्टीकरण का नाम दे दे दूसरी बात यह कि मोदी का मुस्लिम प्रेम न तो गुजरात में लंबे समय तक उनके मुख्यमंत्री रहते उमड़ा न ही पिछले दस वर्षों में उनकी प्रधानमंत्री काल में यह नज़र आया। फिर अब आख़िर इस सौगात की याद क्यों आई और इसकी ज़रुरत क्यों महसूस हुई? कहीं यह इसी वर्ष अक्टूबर या नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र मुस्लिम मतों को लुभाने का एक शगूफ़ा तो नहीं ? एक सवाल यह भी कि दूसरे दलों पर वोटों की ख़ातिर मुफ़्त की रेवड़ियां बांटने का आरोप मढ़ने वाली भाजपा ईद पर बंटने वाली सौगात-ए-मोदी को क्या मुफ़्त की रेवड़ी नहीं कहेगी ? और इन सबसे बड़ा सवाल यह कि यदि प्रधानमंत्री ईद पर मुसलमानों को सौगात दे रहे हैं तो क्या देश की बहुसंख्य हिन्दू आबादी दीपावली पर उपहार की हक़दार नहीं ? प्रधानमंत्री को फ़रवरी 2017 में उत्तर प्रदेश के फ़तेहपुर की एक जनसभा में राज्य की तत्कालीन समाजवादी सरकार के लिये दिये गये उस बहुचर्चित व विवादित प्रवचन को नहीं भूलना चाहिये जिसमें उन्होंने कहा था कि- धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यूपी में भेदभाव सबसे बड़ा संकट है। ये भेदभाव नहीं चल सकता। हर किसी को उसके हक़ का मिलना चाहिए ये सबका साथ सबका विकास होता है। उन्होंने कहा, अगर होली पर बिजली मिलती है तो ईद पर भी बिजली मिलनी चाहिए।अगर रमज़ान में बिजली मिलती है तो दिवाली पर भी बिजली मिलनी चाहिए। गांव में क़ब्रिस्तान बनता है तो श्मशान भी बनना चाहिए। भेदभाव नहीं होना चाहिए। धर्म और जाति के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। तो क्या उपरोक्त प्रवचन केवल विपक्ष के लिये ही है ? आज यह सवाल ज़रूरी क्यों नहीं कि मुसलमानों को ईद पर सौगात तो हिन्दुओं को दीपावली पर क्यों नहीं ? गुरुपर्व पर सिक्खों को तोहफ़ा क्यों नहीं ? ईस्टर या गुड फ्राइडे पर ईसाइयों को क्यों नहीं ? यह भेदभाव क्यों और इसका कारण क्या है ? दरअसल भाजपा ने कोरोना काल के बाद मुफ़्त राशन बांटकर आम जनता के वोट लेने का जो तरीक़ा अपनाया है और उसे मतदाताओं की नयी श्रेणी अर्थात लाभार्थी श्रेणी के रूप में चिन्हित किया है यह सौगात -ए -मोदी भी उसी तरह का एक खेल है जो बिहार चुनाव से पहले खेला जा रहा है। इस खेल के बहाने भाजपा लालू यादव व नितीश कुमार दोनों ही नेताओं के साथ खड़े मुस्लिम मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने का एक प्रयास कर रही है। उसे लगता है कि जिसतरह मुफ़्त राशन बांटकर उसने भूखे व बेरोज़गार लोगों को अपने पक्ष में कर लिया है शायद सौगात -ए -मोदी किट भी बिहार में भाजपा के लिये उसी तरह फ़ायदेमंद साबित हो। परन्तु शायद ऐसा होने वाला इसलिए नहीं क्योंकि इस समय मुसलमानों की सबसे बड़ी चिंता उनकी सुरक्षा है,उनकी शिक्षा व रोज़गार है। उनकी इबादतगाहों की सुरक्षा है। उनके धार्मिक रीति रिवाजों को अमल में लाने की स्वतंत्रता है। उनके साथ निष्पक्षता से पेश आना तथा न्याय करना है।परन्तु इसी मोदी राज में देश के अनेक भाजपा शासित राज्यों में नमाज़ पढ़ने पर पाबंदी लगाई जा रही है। सड़कों,पार्कों यहाँ तक कि अपने घर की छतों पर भी नमाज़ पढ़ने पर रोक लगने की ख़बर है। हरियाणा में तो ईद का अवकाश ही 31 मार्च को बहाना बनाकर गज़ेटेड हॉलीडे की लिस्ट से हटा कर रिस्ट्रिक्टेड हॉलिडे कर दिया गया है। ऐसे में विपक्ष सवाल कर रहा है कि ईद मुसलमानों का एक ही सबसे बड़ा त्योहार होता है, जो पूरे देश में मनाया जाता है। ऐसे में आख़िर ईद की गज़ेटेड छुट्टी को वैकल्पिक छुट्टी के रूप में क्यों बदल दिया गया ? आज जगह जगह मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार की ख़बरें आ रही हैं। यहाँ तक कि महाकुंभ जैसे आयोजन में कुछ लोगों ने मुसलमानों के मेला प्रवेश तक का विरोध किया। खुले आम भाजपाई समर्थक नफ़रत फैला रहे हैं। अनेक स्थानों से पुलिस,प्रशासनिक पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की ख़बरें आ रही हैं। मुसलमानों के धर्म स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। जगह जगह बेगुनाह लोगों के घरों पर बुलडोज़र चलाये जा रहे हैं।

# आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे भली-भांति तय वक्त पर पूरा करके दिखाएंगे। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से आज काफी हद तक आराम मिलेगा।

वृष राशि- आज आपका दिन व्यापार में निवेश के लिए लाभदायक रहेगा। आज किसी दोस्त की आर्थिक रूप से मदद करने में सक्षम रहेंगे। विद्यार्थी अपने सीनियर्स से किसी प्रैक्टिकल को पूरा करने में मदद लेंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से ऑनलाइन अपने व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं। आज आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति थोडा सचेत रहने की जरूरत हैं।

मिथुन राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको ऑफिस में सहकर्मियों के साथ मिल-जुल कर रहना चाहिए, इससे आपको उनकी मदद मिलती रहेगी। नवविवाहित दंपति के बीच मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्ते में और मधुरता आएगी। आज आप जरुरतमंद लोगों की हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे।

कर्क राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज बिजनेस में किसी तजुर्बेदार व्यक्ति की सलाह मिल सकती है। आज जीवनसाथी से आपको उपहार मिलेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा।कपड़े का कारोबार कर रहे लोगों को आज ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा। राजनीति में आपका मान सम्मान होगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन ठीक रहने वाला है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को थोड़ी और मेहनत की जरुरत है। लवमेट के बीच हो रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी। आज आप बाहर का ऑयली खाना खाने से परहेज करें। किसी दोस्त की सहायता से कॉलेज का रुका काम पूरा कर लेंगे। आज ऑफिस में आपका काम चेंज हो सकता है।

कन्या राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज थोडा धैर्य बनाये रखने से आपके रुके कार्यों की पूर्ति होगी। आज आपका बिजनेस बेहतर तरीके से आगे बढ़ेगा। ज्ञान का स्तर उच्च होगा। स्वजनों के मध्य मेलजोल व प्यार बढ़ेगा। आज ऑफिस में आपका प्रमोशन होने के चांसेस हैं। आज पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। आज आपके कार्यक्षेत्र में किये गए सभी प्रयास सफल रहेंगे। आज आपके भाई आपसे मदद मांग सकते हैं, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज जीवनसाथी के साथ डिनर पर जाने का प्रोग्राम बनाएंगे, जिससे आपके बीच मधुरता बढ़ेंगी। आज आपके आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छी खबर मिलेगी। विद्यार्थी आज पढ़ाई में रुचि लेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी खास मेहमान के आने से घर का माहौल खुशनुमा बनेगा। आज नई सोच से व्यापार को आगे बढ़ा सकते हैं। लवमेट के लिए आज का दिन स्पेशल रहेगा। ट्रांसपोर्ट का कारोबार कर रहे लोगों को आज अच्छा लाभ होगा। छात्र आज कंप्यूटर सीखने का मन बनाएंगे। आज आप किसी जरुरी टॉपिक को क्लियर करेंगे। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान कुछ दिनों के लिए टालना पड़ सकता है।

धनु राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। विद्यार्थी आज टाइम टेबल के अनुसार पढ़ाई करें तो अवश्य सफलता मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुभवी लोगों की सलाह उन्नति के द्वार खोलेगी। नए व्यापार शुरू करने से पहले अपने बड़ों की सलाह जरुर ले लें। ऑफिस में कई दिनों से रुका हुआ कार्य आज पूरा कर लेंगे। वाहन खरीदने का विचार आज अपने परिवार के साथ करेंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज अचानक धन लाभ होने की संभावना है। व्यापार की गति बढ़ाने के लिए नई योजना बनाएंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को मेहनत जारी रखनी चाहिए।

कुंभ राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। ज्वेलरी का कारोबार कर रहे लोग अपने कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार बनाएंगे। आज जीवनसाथी के साथ घूमने जायेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। कॉलेज के किसी प्रतियोगिता में आपको अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। बच्चों का मन पढ़ाई से हट सकता है।

मीन राशि- आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। नकारात्मक सोच वाले लोगों से दूर रहने का प्रयास करें। आपके दांपत्य जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी। साइबर कैफ़े चला रहे लोगों को आज अच्छा मुनाफा होने के योग बने हुए हैं। आज आपके पिता, आपको किसी कार्य को पूरा करने के लिए आपसे कहेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा।

# सहकारिता की एक नई उड़ानः सहकारिता मंत्रालय और सहकारिता विश्वविद्यालय के साथ विकास का एक नया युग

**डॉ. उदय शंकर अवस्थी**

सहकारिता के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन:

भारत का सहकारिता आंदोलन सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में गहराई से निहित है। यह आंदोलन समावेशी विकास, सामुदायिक सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में विकसित हुआ है। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना और इसकी नवीनतम पहलों के माध्यम से सरकार ने एक सहकारिता-संचालित मॉडल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है, जो देश के हर कोने तक पहुंचेगा और समाज की मुख्यधारा से अलग पड़े समुदायों के लिए स्थायी आजीविका और वित्तीय समावेशन की सुविधा प्रदान करेगा।

दिनांक 6 जुलाई 2021 को सहकारिता मंत्रालय की स्थापना भारत के सहकारी आंदोलन में एक परिवर्तनकारी क्षण था। सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, मंत्रालय ने इस क्षेत्र को मजबूत और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक नीतिगत ढांचा, कानूनी सुधार और रणनीतिक पहल शुरू की है। अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मंत्रालय ने सहकारी समितियों के लिए व्यापार करने में आसानी, डिजिटलीकरण के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और वंचित ग्रामीण समुदायों के लिए समावेशिता को बढ़ावा देने की अपनी पहल पर काफी जोर दिया है।

सहकारिता आंदोलन में दूरदर्शी नेतृत्व

माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में भारत का सहकारिता आंदोलन एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। अपनी दूरदर्शी सोच को आधार बनाकर उन्होंने सहकारिता के लिए नई विचारधारा को जन्म दिया है। उनके नेतृत्व में सहकारिता मंत्रायल ने भारतीय सहकारी आंदोलन में उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं। ई-सेवाओं तक बेहतर पहुंच के लिए सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) के रूप में कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से पैक्स को बहुउद्देशीय बनाने और पैक्स को मजबूत बनाने के लिए मॉडल उपनियम। प्रत्येक पंचायत/गांव में बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियां स्थापित करना।

राष्ट्रीय स्तर पर तीन नई बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ का गठन किया गया है।

सहकारी क्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल)।

भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) को एकल ब्रांड नाम के तहत उन्नत बीजों की खेती, उत्पादन और वितरण ।

प्रमाणित और प्रामाणिक जैविक उत्पादों के उत्पादन, वितरण और विपणन के लिए राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल)।

जमीनी स्तर पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहकारी क्षेत्र में दुनिया का सबसे व्यापक विकेन्द्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम।

बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ (संशोधन) अधिनियम 2023, बहुराज्य सहकारी सोसाइटीज़ अधिनियम, 2002 में संशोधन करके 97वें संवैधानिक संशोधन के प्रावधानों को शामिल करेगा तथा बहुराज्य सहकारी समितियों में शासन को मजबूत करेगा, पारदर्शिता बढ़ाएगा, जवाबदेही बढ़ाएगा, चुनाव प्रक्रिया में सुधार करेगा आदि।

सहकारी चीनी मिलों को मजबूत करने तथा सहकारी चीनी मिलों को इथेनॉल की खरीद में प्राथमिकता देने और कोजेन पावर प्लांट की स्थापना के लिए एनसीडीसी के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपये की ऋण योजना।जैसे-जैसे सहकारिता आंदोलन विकसित होता जा रहा है, यह भारत के सामाजिक-आर्थिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण घटक बनता जा रहा है, जो समकालीन चुनौतियों का समाधान कर रहा है और सामुदायिक लचीलेपन को बढ़ावा दे रहा है। सहकारिता आंदोलन उद्यमशीलता कौशल को भी विकसित करता है जिसकी भारत जैसे देश में बहुत आवश्यकता है। यह न केवल आर्थिक कल्याण में योगदान देता है बल्कि समाज को राष्ट्र के लिए योगदान देने में अग्रणी होने में भी सक्षम बनाता है।

सहकारिता क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियां

सहकारिता मंत्रालय की प्रमुख पहल बहुराज्य सहकारी समितियों को बढ़ावा देना और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) का विस्तार करना रही है। पैक्स के लिए मॉडल उपनियमों के लागू होने से उन्हें 25 से अधिक विविध गतिविधियां करने का अधिकार मिला है, जिससे बेहतर प्रशासन और व्यापक समावेशिता सुनिश्चित हुई है। 63,000 पैक्स को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए 2,516 करोड़ की एक ऐतिहासिक परियोजना पहले से ही चल रही है, जिसमें 28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 62,318 पैक्स शामिल हैं और 15,783 पहले ही शामिल हो चुके हैं। उठाए गए इन कदमों द्वारा परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, पैक्स को नाबार्ड से जोड़ा है और निर्बाध वित्तीय लेनदेन सुनिश्चित किया है।

सहकारी समितियों की पहुँच को और बढ़ाने के लिए, 9,000 से अधिक नई पैक्स, डेयरी और मत्स्य पालन सहकारी समितियाँ, उन पंचायतों में स्थापित की जा रही हैं जहाँ सहकारी समितियों का गठन नहीं हुआ है। विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण योजना एक और महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य पैक्स स्तरों पर भंडारण और कृषि-बुनियादी ढाँचा तैयार करना है, जिससे खाद्यान्न संबंधी नुकसान और परिवहन लागत में कमी आएगी। इसके तहत पायलट प्रोजेक्ट के लिए 2,000 पैक्स की पहचान की गई है। इसके अलावा, 30,647 पैक्स को सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में नामित किया गया है, जो ग्रामीण नागरिकों को 300 से अधिक आवश्यक ई-सेवाएं प्रदान करेगा।

कृषि में इफको का क्रांतिकारी योगदान

इफको ने नैनो यूरिया प्लस (तरल) और नैनो डीएपी (तरल) सहित नैनो उर्वरकों की अभूतपूर्व शुरूआत करके कृषि सहकारी क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। नैनो एनपीके (दानेदार) को शीघ्र ही मंजूरी मिलने वाली है । उम्मीद है कि यह नवाचार आधुनिक कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगा तथा अधिक दक्षता, लागत प्रभावशीलता और पर्यावरणीय स्थिरता प्रदान करेगा। इन क्रांतिकारी उत्पादों को पहले ही वैश्विक पहचान मिल चुकी है तथा ये अमेरिका, ब्राजील, जाम्बिया, गिनी-कोनाक्री, मॉरीशस, रवांडा, मलेशिया और फिलीपींस के बाजारों में पहुंच चुके हैं।खाद्य और कृषि क्षेत्र में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान के आधार पर, आज इफको दुनिया की नंबर 1 सहकारी समिति बन चुकी है। उन्नत प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके, नवाचार और सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देकर, इफको और भारत का सहकारी आंदोलन, आर्थिक परिवर्तन को आगे बढ़ा रहा है, जिससे दीर्घकालिक समृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो रही है।



# राष्ट्रीय समाचार



## पीएम बनने के बाद मोदी ने पहली बार किया संघ मुख्यालय का दौरा, संस्थापक हेडगेवार को दी श्रद्धांजलि

नागपुर(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह करीब 9 बजे नागपुर पहुंचे हैं। संघ के शताब्दी वर्ष में पीएम मोदी ने संघ मुख्यालय का दौरा किया। प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी का संघ मुख्यालय का यह पहला दौरा है और इस दौरे को काफी अहम माना जा रहा है। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने पीएम मोदी के दौरे को लेकर कहा कि उनके नागपुर आगमन से पूरे विदर्भ में उत्साह का माहौल है। 47 स्थानों पर उनके स्वागत की तैयारी की गई है।

बता दें कि पीएम मोदी डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर गए और आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार और माधव सदाशिव गोलवलकर की समाधि पर श्रद्धांजलि की। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी आरएसएस के स्मृति मंदिर पहुंचे और उन्होंने डॉ. हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने नागपुर में दीक्षाभूमि का भी दौरा किया। यह वह स्थान है जहां डॉ. बीआर अंबेडकर और उनके अनुयायियों ने बौद्ध धर्म अपनाया था। पीएम मोदी ने महात्मा बुद्ध की भी पूजा की। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी साथ मौजूद रहे।

## पीएम मोदी ने 'टेक्सटाइल वेस्ट' को बताया 'बड़ी चुनौती', बोले, 'इससे निपटने में कुछ स्टार्टअप कर रहे अच्छा काम'

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में देश को संबोधित किया। उन्होंने कपड़ों की बात की। बताया कि कैसे टेक्सटाइल वेस्ट भारत के लिए चुनौती खड़ा कर रहा है और इससे निपटने के लिए क्या किया जा सकता है।

पीएम मोदी ने कहा, 'मन की बात' में हम देशवासियों की उपलब्धियों के साथ ही अक्सर सामाजिक विषयों को भी उठाते हैं । कई बार चुनौतियों पर भी चर्चा होती है। इस बार 'मन की बात' में, मैं एक ऐसी चुनौती के बारे में बात करना चाहता हूं, जो सीधे हम सब से जुड़ी हुई है। ये चुनौती है 'टेक्सटाइल वेस्ट' की।

पीएम मोदी ने कहा कि आप सोच रहे होंगे, ये टेक्सटाइल वेस्ट क्या नई बला आ खड़ी हुई है। दरअसल, टेक्सटाइल वेस्ट पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। आजकल दुनिया भर में पुराने कपड़ों को जल्द-से-जल्द हटाकर नए कपड़े लेने का चलन बढ़ रहा है। क्या आपने सोचा है कि जो पुराने कपड़े आप पहनना छोड़ देते हैं, उनका क्या होता है? यही टेक्सटाइल वेस्ट बन जाता है। इस विषय में बहुत सारी ग्लोबल रिसर्च हो रही है। एक रिसर्च में यह सामने आया है, सिर्फ एक प्रतिशत से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है—एक प्रतिशत से भी कम! भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश है, जहां सबसे ज्यादा टेक्सटाइल वेस्ट निकलता है। यानी चुनौती हमारे सामने भी बहुत बड़ी है।

उन्होंने आगे कहा, लेकिन मुझे खुशी है कि हमारे देश में इस चुनौती से निपटने के लिए कई सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। कई भारतीय स्टार्टअप ने टेक्सटाइल वेस्ट रिकवरी फैसिलिटी पर काम शुरू किया है। कई ऐसी टीमें हैं, जो कचरा बीनने वाले हमारे भाई-बहनों के सशक्तिकरण के लिए भी काम कर रही हैं। कई युवा साथी टिकाऊ फैशन के प्रयासों में जुड़े हैं। वे पुराने कपड़ों और जूते-चप्पलों को रिसाइकिल कर जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं। टेक्सटाइल वेस्ट से सजावट की चीजें, हैंड बैग, स्टेशनरी और खिलौने जैसी कई वस्तुएं बनाई जा रही हैं। कई संस्थाएं आजकल सर्कुलर फैशन ब्रांड को मशहूर करने में जुटी हैं। नए-नए रेंटल प्लेटफॉर्म भी खुल रहे हैं, जहां डिज़ाइनर कपड़े किराए पर मिल जाते हैं।पीएम मोदी ने कुछ संस्थाओं का भी जिक्र किया जो कपड़ों को दोबारा पहनने लायक बनाती हैं। उन्होंने कहा कि कुछ संस्थाएं पुराने कपड़े लेकर उसे दोबारा उपयोग करने लायक बनाती हैं और गरीबों तक पहुंचाती हैं। साथियों, टेक्सटाइल वेस्ट से निपटने में कुछ शहर भी अपनी नई पहचान बना रहे हैं। हरियाणा का पानीपत टेक्सटाइल वेस्ट रिसाइक्लिंग के ग्लोबल हब के रूप में उभर रहा है। बेंगलुरू भी नवीन तकनीकी समाधान से अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। यहां आधे से ज्यादा टेक्सटाइल वेस्ट को जमा किया जाता है, जो हमारे दूसरे शहरों के लिए भी एक मिसाल है।

# पीएम मोदी ने जल संरक्षण को बताया अहम, 'कैच द रेन' अभियान का किया जिक्र



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 120वें एपिसोड में जल संरक्षण को देश के लिए जरूरी बताया। इस दौरान उन्होंने देशभर में जलशक्ति मंत्रालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की और जल संरक्षण के महत्व को समझाया। प्रधानमंत्री ने कहा, गर्मी का मौसम शुरू होते ही शहर-शहर, गांव-गांव, पानी बचाने की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं। अनेक राज्यों में वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़े कामों ने, जल संरक्षण से जुड़े कामों ने नई तेजी पकड़ी है। जलशक्ति मंत्रालय और अलग-अलग स्वयंसेवी संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही हैं।

उन्होंने जल संरक्षण के उपायों का जिक्र करते हुए कहा, देश में हजारों कृत्रिम तालाब, चेक डेम, बोरवेल रिचार्ज, कम्युनिटी सॉक पिट का निर्माण हो रहा है। हर साल की तरह इस बार भी 'कैच द रेन' अभियान के लिए कमर कस ली गई है। ये अभियान भी सरकार का नहीं बल्कि समाज का है, जनता-जनार्दन का है। पीएम मोदी ने जल संचय जन-भागीदारी अभियान को भी महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह प्रयास है कि जो प्राकृतिक संसाधन हमें मिले हैं, उसे हमें अगली पीढ़ी तक सही सलामत पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री ने उदाहरण के तौर पर बताया कि कैसे बारिश की बूंदों को संरक्षित कर पानी बर्बाद होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ सालों में इस अभियान के तहत देश के कई हिस्सों में जल संरक्षण के अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। मैं आपको एक दिलचस्प आंकड़ा देता हूं, पिछले 7-8 साल में नए बने टैंक, तालाब और अन्य जल रिचार्ज संरचनाओं से 11 बिलियन क्यूबिक मीटर उससे भी ज्यादा पानी का संरक्षण हुआ है। प्रधानमंत्री ने इस आंकड़े को समझाते हुए कहा, अब आप सोचेंगे कि 11 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी कितना पानी होता है?

उन्होंने आगे कहा कि भाखड़ा नांगल बांध में जो पानी जमा होता है, उसकी तस्वीरें तो आपने जरूर देखी होंगी। ये पानी गोविंद सागर झील का निर्माण करता है। इस झील की लंबाई ही 90 किलोमीटर से ज्यादा है। इस झील में भी 9-10 बिलियन क्यूबिक मीटर से ज्यादा पानी संरक्षित नहीं हो सकता है। और देशवासियों ने अपने छोटे-छोटे प्रयास से, देश के अलग-अलग हिस्सों में 11 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी के संरक्षण का इंतजाम कर दिया है ङ्क है ना ये शानदार प्रयास।प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के गडग जिले के लोगों के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, कुछ साल पहले यहां के दो गांव की झीलें पूरी तरह सूख गईं। एक समय ऐसा भी आया जब वहां पशुओं के पीने के लिए भी पानी नहीं बचा। धीरे-धीरे झील घास-फूस और झाड़ियों से भर गई। लेकिन गांव के कुछ लोगों ने झील को पुनर्जीवित करने का फैसला किया और काम में जुट गए। पीएम मोदी ने कहा कि गांव के लोगों के प्रयासों को देखकर आसपास की सामाजिक संस्थाएं भी उनसे जुड़ गईं। सब लोगों ने मिलकर कचरा और कीचड़ साफ किया और कुछ समय बाद झील वाली जगह बिल्कुल साफ हो गई।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर टायर फटने के बाद खाई में गिरी बस, एक की मौत, 55 घायल




कन्नौज (आरएनएस)। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात एक बस का टायर फटने से भीषण हादसा हो गया। यहां एक बस खाई में गिर गई, जिसमें 55 यात्री घायल हुए हैं, जबकि एक की मौत हो गई है।यह हादसा कन्नौज के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के 195 कट के पास हुआ। बताया जा रहा है कि श्रद्धालु राजस्थान के बालाजी से दर्शन कर सिद्धार्थनगर और नेपाल वापस लौट रहे थे। तभी अचानक बस का टायर फट गया और वे खाई में गिर गई। बस में करीब 60 से 70 लोग सवार थे, जिनमें 55 यात्री घायल हैं और 1 की मौत हो गई।वहीं, हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। जिले के डीएम शुभ्रांत कुमार और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।एसपी विनोद कुमार ने बस हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार रात एक बस आगरा से लखनऊ की तरफ जा रही थी। 195 माइलस्टोन के पास बस का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे से नीचे गिर गई। बस में 60 से 70 यात्री मौजूद थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत श्रद्धालुओं को रेस्क्यू किया और एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उन्होंने आगे कहा, 55 लोगों को चोटें आई हैं।

## ऑटोमोबाइल कंपनी के खाते से 3.63 लाख रुपए निकालने वाले दो ठग गिरफ्तार

गाजियाबाद (आरएनएस)। गाजियाबाद की लिंक रोड थाना पुलिस और ट्रांस हिंडन जोन सर्विलांस टीम ने ऑटोमोबाइल कंपनी सव मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खाते से अवैध रूप से 3,63,473 रुपए निकालने वाले दो शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 7 मोबाइल फोन, 16 सिम कार्ड, 2 डेबिट कार्ड, 1 ड्राइविंग लाइसेंस, 2 पैन कार्ड और विभिन्न बैंक खातों से जुड़े कई दस्तावेज बरामद किए हैं।इस मामले की शिकायत आनंद वर्मा, निवासी मोहन पार्क, शाहदरा, दिल्ली, ने 26 मार्च को थाना लिंक रोड में दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल नंबर 9870413741 से फोन कर सव मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के एसबीआई खाते से धोखाधड़ी कर पैसे निकाल लिए। इस शिकायत पर पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा 66डी और बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सर्विलांस टीम की मदद से जांच शुरू की। जांच में पता चला कि आरोपियों ने 28 मार्च को दोबारा कंपनी के मालिक को फोन कर खाते से संबंधित जानकारी लेने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मोबाइल नंबर को ट्रेस कर दोनों आरोपियों को सनसाइन बैरियर, दिल्ली बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ऑटोमोबाइल कंपनियों और एजेंसियों को निशाना बनाते थे। सबसे पहले वे गूगल से किसी ऑटोमोबाइल कंपनी की जानकारी निकालते और उसके मोबाइल नंबर जुटाते थे। इसके बाद फर्जी आईडी से लिए गए सिम कार्ड से कंपनी में कॉल कर गाड़ी बुक करने का झांसा देते और उनसे कोटेशन मंगवाते। फिर बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड पूछकर, बैंक मैनेजर का नाम और नंबर निकालते थे।आरोपी मैनेजर को कंपनी का मालिक बनकर कॉल करते थे और बैंक खाते में बैलेंस की जानकारी लेते थे। मैनेजर को झांसा देकर शातिर पैसे आरटीजीएस या एनईएफटी के जरिए अपने साथी के फर्जी खाते में ट्रांसफर कराते थे। पैसा आते ही वे तुरंत कैश निकाल लेते या यूपीआई के जरिए आगे ट्रांसफर कर देते थे।

## देवरिया से प्रयागराज तक चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़े लोग

देवरिया/प्रयागराज(आरएनएस)। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन और हिंदू नववर्ष की शुरुआत के साथ देशभर के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देवरिया के देवरही मंदिर और राजराजेश्वरी मां केला देवी मंदिर से लेकर प्रयागराज के मां कल्याणी देवी मंदिर तक, सुबह से ही श्रद्धालु मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। इस मौके पर प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए हैं।देवरिया में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने नवरात्रि की तैयारियों का जायजा लेने के लिए देवरही मंदिर का दौरा किया। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि मंदिर में मां दुर्गा के नौ रूपों की भव्य झांकियां सजाई जाएंगी, ताकि श्रद्धालु मां के दर्शन कर उनकी महिमा को समझ सकें।

## चैत्र नवरात्रि शुरू : मां वैष्णो देवी की अटका आरती होती है बेहद खास



नई दिल्ली (आरएनएस)। आज से चैत्र नवरात्रि शुरू हो गई है और माता वैष्णो देवी मंदिर सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते हैं। यहां होने वाली अटका आरती एक बेहद खास अनुष्ठान है, जिसे देखने और उसमें शामिल होने की इच्छा हर भक्त की होती है, लेकिन अटका आरती में शामिल होने के लिए पहले से ऑनलाइन बुकिंग कराना आवश्यक है। अगर आप भी माता वैष्णो देवी की अटका आरती में शामिल होना चाहते हैं, तो यहां हम आपको इसकी पूरी बुकिंग प्रक्रिया और इससे जुड़ी जरूरी जानकारी देंगे।अटका आरती माता वैष्णो देवी के दरबार में होने वाली विशेष पूजा है, जो दिन में दो बार—सुबह और शाम को आयोजित की जाती है। इस आरती के दौरान मंदिर परिसर को पूरी तरह बंद कर दिया जाता है और केवल आरती बुकिंग कराने वाले श्रद्धालुओं को ही इसमें शामिल होने का अवसर मिलता है। आरती के दौरान वैदिक मंत्रों, भजनों और शंख-घंटियों की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। मान्यता है कि इस आरती में शामिल होने से माता की विशेष कृपा प्राप्त होती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

वैष्णो देवी अटका आरती में शामिल होने के लिए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कराई जाती है। बुकिंग की प्रक्रिया बेहद आसान है।सबसे पहले आप श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटमांवैष्णोदेवीडॉटओआरजी पर जाएं। यहां अपना अकाउंट बनाएं या लॉगिन करें। अगर आपका पहले से अकाउंट है, तो यूजर आईडी और पासवर्ड के जरिए लॉगिन करें। अगर नया अकाउंट बनाना है, तो रजिस्ट्रेशन करें और अपनी डिटेल्स भरें। इसके बाद अटका आरती बुकिंग सेक्शन पर जाएं, फिर वेबसाइट के ऑनलाइन सर्विसेज सेक्शन में जाएं। यहां अटका आरती बुकिंग के विकल्प पर क्लिक करें।इसके बाद आप आरती की तारीख चुनें। आपके सामने एक कैलेंडर खुलेगा, जिसमें उपलब्ध तारीखें दिखाई देंगी। अपनी सुविधानुसार मनचाही तारीख का चयन करें। फिर श्रद्धालुओं की संख्या दर्ज करें। एक बार बुकिंग करने पर अधिकतम चार श्रद्धालुओं को शामिल किया जा सकता है। अपनी और अपने साथ जाने वाले श्रद्धालुओं की व्यक्तिगत जानकारी (नाम, उम्र, आईडी प्रूफ) दर्ज करें। इसके बाद पेमेंट करना होगा।पेमेंट सफल होने के बाद, आपको ईमेल और मोबाइल नंबर पर बुकिंग कंफर्मेशन और एक ई-रसीद प्राप्त होगी। इस ई-रसीद को यात्रा के दौरान साथ रखना जरूरी है।

## एनडीए में 'विनिंग कॉम्बिनेशन', ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा : चिराग पासवान

पटना (आरएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बिहार के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस बीच एनडीए घटक दलों में शामिल लोजपा (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए को गौर से देखें तो इसमें विनिंग कॉम्बिनेशन है। आने वाले चुनाव में यह गठबंधन ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव का वर्ष है। एनडीए के साथी समय-समय पर मिलकर एक-दूसरे को समझ रहे हैं। कुछ दिन पहले हमारी दिल्ली में मुलाकात हुई थी।

पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह गठबंधन मजबूती से आगे बढ़ रहा है, जबकि विपक्ष में वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। वे न चेहरा तय कर पा रहे हैं, न गठबंधन का स्वरूप तय कर पा रहे हैं। राजद और कांग्रेस में जिस तरह से दरारें देखने को मिल रही हैं, वह यह दर्शाता है कि एक तरफ विपक्ष बिखरा हुआ है, तो वहीं दूसरी तरफ मजबूत एनडीए है।




केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि अमित शाह बिहार में मौजूद हैं। इस दौरान वे इस बात को समझेंगे कि जनता को इस गठबंधन से क्या आशाएं हैं। साथ ही गठबंधन के साथियों के साथ मुलाकात में यह भी विचार किया जाएगा कि हम और बेहतर कर सकें। इस दिशा में भी चर्चा होगी।

चारा घोटाले में गबन की गई राशि को वापस लिए जाने के बिहार सरकार के प्रयास पर उन्होंने कहा कि घोटाले की राशि वसूलना बिल्कुल सही है। ये जनता का पैसा है, वापस आना ही चाहिए। लुटे गए पैसे जनता के थे। विधानसभा चुनाव में एनडीए के चेहरे को लेकर उन्होंने कहा कि हमारा नेता कौन होगा, किसके चेहरे पर चुनाव लड़ेंगे, हमारे लिए ये मुद्दा है ही नहीं। आज की बैठक में हम लोग उससे आगे बढ़ेंगे। सभी घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष सभी जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन कर रहे हैं। इससे एकजुटता का संदेश गया है।उन्होंने कहा कि महागठबंधन में सब कुछ को लेकर लड़ाई है। अभी तो असली लड़ाई सीट शेयरिंग को लेकर होगी। पिछली बार कांग्रेस को 70 सीट मिली थी, तो इस बार भी कम से कम उतना ही मांगेगी। सीट बंटवारा महागठबंधन के लिए मुश्किल होने वाला है। एनडीए में बड़ी सहजता से यह कार्य होगा।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह के दौरान लाभार्थियों से बातचीत करते हुए.

## पंजाब सरकार ने बिजली की दरें घटाई, 600 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा पूरा



अमृतसर(आरएनएस)। पंजाब सरकार के बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने शनिवार को अमृतसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने बिजली दरों में कमी कर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है।

हरभजन सिंह ईटीओ ने बताया कि नई टैरिफ दरें 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगी, जिसमें बिजली की दरों को कम किया गया है। इसके साथ ही एक करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं बढ़ाया गया है।

मंत्री ने कहा, पंजाब सरकार लंबे समय से लोगों के हित में फैसले ले रही है ताकि बिजली उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो। पिछले तीन वर्षों से राज्य के लोगों को 600 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है, जो आम आदमी पार्टी सरकार का जनता से किया गया वादा था और इसे पूरा किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बिजली की कमी को दूर करने के लिए सरकार ने गोइंदवाल में एक बड़ा थर्मल पावर प्लांट भी खरीदा है।हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि 2025-26 के लिए नई टैरिफ दरों में वाणिज्यिक कनेक्शनों की दरें कम की गई हैं और उद्योगपतियों को 10 रुपये प्रति किलोवाट की कटौती का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा, बिजली विभाग को 311.5 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है, जिसके चलते हमने टैरिफ दरों में कमी की है।

उन्होंने पंजाब सरकार के हालिया बजट को लोकहितैषी और सराहनीय कदम करार देते हुए कहा कि पिछले तीन साल में सरकार ने बेहतरीन काम किया है और अगले दो साल में यह गति और तेज होगी। मंत्री ने जोर देकर कहा कि पंजाब सरकार लोगों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है और बिजली दरों में कमी इसका एक बड़ा उदाहरण है।

## कटक के पास रेल हादसा, पटरी से उतरी बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस, यात्रियों में मची चीख पुकार

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। कटक के निर्गुंडी क्षेत्र में कामाख्या एक्सप्रेस हादसे का शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रेन की 11 बोगियां पटरी से उतर गई। इस हादसे के बाद ट्रेन में बैठे लोगों में चीख पुकार मच गई।यह हादसा कटक स्टेशन से निकलने के बाद मंगोली स्टेशन के नजदीक हुआ, जहां कामाख्या एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से नीचे उतर गए। बताया जा रहा है कि बी9 से बी14 तक की बोगियां प्रभावित हुई हैं। खुर्दा डीआरएम और पूर्व तट रेलवे के प्रबंधक घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं और उन्होंने जल्द ही हेल्पलाइन नंबर जारी करने की बात कही है।राहत की बात यह है कि अभी तक किसी यात्री के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

## मुख्तार गैंग का शूटर अनुज कनौजिया एनकाउंटर में ढेर, यूपी से लेकर झारखंड तक था आतंक; पुलिस ने रखा था 2.5 लाख का इनाम



जमशेदपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने मुख्तार अंसारी गैंग के ढाई लाख के एक इनामी शूटर अनुज कनौजिया को एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। शूटर अनुज कनौजिया को झारखंड के जमशेदपुर में एक संयुक्त ऑपरेशन के दौरान मार गिराया गया है।

अनुज कनौजिया पर 2.5 लाख रुपये का इनाम था और यूपी पुलिस को कई संगीन मामलों में उसकी तलाश थी। जानकारी के अनुसार, यूपी एसटीएफ और झारखंड पुलिस को अनुज कनौजिया के जमशेदपुर में होने की सूचना मिली थी। इसके बाद एसटीएफ और झारखंड पुलिस ने अनुज कनौजिया को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने शूटर को मार गिराया। हालांकि, मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक (डीवाईएसपी) डीके शाही घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, वह मुख्तार अंसारी गैंग के लिए शूटर्स की भर्ती और हत्याओं की साजिश रचने का काम करता था। पुलिस ने एनकाउंटर स्थल से हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया है। उत्तर प्रदेश एसटीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) अमिताभ यश ने कहा, एसटीएफ और झारखंड पुलिस ने सूचना के आधार पर अनुज कनौजिया को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। क्रॉस फायरिंग में अनुज कनौजिया मारा गया।

पांच साल से अधिक समय से फरार चल रहा अनुज कनौजिया हत्या, रंगदारी, जमीन हड़पने और हथियारों की तस्करी समेत 23 आपराधिक मामलों में वांछित था। उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने हाल ही में अनुज कनौजिया को में मददगार कोई भी सूचना देने पर इनाम की राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये कर दी थी।

## क्रॉप टॉप पहने अनुष्का सेन ने कैमरे के सामने फ्लॉन्ट किया हॉट फिगर, एक्ट्रेस की अदाओं पर दिल हार गए फैंस



अनुष्का सेन हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को दीवाना बनाए हुए रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है। टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही छा जाता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने व्हाइट कलर का टॉप और ब्लैक कलर की डेनिम जींस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।खुले बाल, आंखों में गॉगल्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये स्टनिंग अवतार देखते ही फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## एल2: एम्पुरान बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 2, सबसे तेज 100 करोड़ी क्लब में शामिल होने वाली मलयालम फिल्म बनी मोहनलाल की मूवी



मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की जोड़ी ने एक बार दर्शकों को दीवाना कर दिया है. इनका जादू ना सिर्फ नेशनल लेवल पर बल्कि इंटरनेशनल लेवल पर छाया हुआ है. 27 मार्च को दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई मोहनलाल-पृथ्वीराज सुकुमारन की नई फिल्म एल2: एम्पुरान ने शानदार ओपनिंग की है. 48 घंटे से भी कम समय में एल2: एम्पुरान ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. इसी के साथ फिल्म ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं. सैकनिल्क के अनुसार, मोहनलाल-पृथ्वीराज सुकुमारन की एक्शन थ्रिलर फिल्म एल2: एम्पुरान ने ओपनिंग डे पर शानदार कमाई की. फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 21 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिसमें मलयालम बेल्ट में 18.6 करोड़ रुपये कमाए. हालांकि, दूसरे दिन यानी शुक्रवार को कलेक्शन में 44.05 करोड़ रुपये की गिरावट देखी गई.

मोहनलाल स्टारर ने रिलीज के दूसरे दिन 11.75 करोड़ रुपये ही कमा पाई. इसमें से मलयालम वर्जन में फिल्म ने 10.75 करोड़ रुपये कमाए. जबकि फिल्म ने कन्नड़ में 5 लाख रुपये, तेलुगु में 1.15 करोड़ रुपये, तमिल में 70 लाख रुपये और हिंदी बेल्ट में 50 लाख रुपये कमाए हैं. दो दिनों के बाद घरेलू बॉक्स ऑफिस पर एल2: एम्पुरान का कुल कलेक्शन 32.75 करोड़ रुपये हो गया हैं.

दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली मॉलीवुड की सिर्फ 9 फिल्में है. मोहनलाल-पृथ्वीराज की नई फिल्म एल2: एम्पुरान वैश्विक स्तर पर 100 करोड़ी क्लब में शामिल होने वाली मलयालम फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है. जी हां, एल2: एम्पुरान मोहनलाल की रिकॉर्ड तोड़ कमाई करने वाली यह एक्शन थ्रिलर एल2: एम्पुरान 100 करोड़ कमाने वाली 10वीं मलयालम फिल्म बन गई है.

ओपनिंग डे पर एल2: एम्पुरान ने दुनियाभर में 67.50 करोड़ रुपये की कमाई की. रिलीज के दूसरे दिन भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म करते हुए वैश्विक स्तर पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही. इसी के साथ एल 2: एम्पुरान ने आदुजीविथम को पछाड़ते हुए दुनियाभर में 100 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली सबसे तेज मलयालम फिल्म बन गई है. इस बेंचमार्क तक पहुंचने के लिए आदुजीविथम को 9 दिन लगे थे.

सैकनिल्क के मुताबिक, एल2: एम्पुरान दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर सेंचुरी लगाने वाली 2025 की पहली मलयालम फिल्म बन गई है. वहीं, मोहनलाल के लिए यह पुलिमुरुगन और लूसिफर के बाद उनकी तीसरी 100 करोड़ की कमाई करने वाली फिल्म है. निर्देशक के रूप में पृथ्वीराज सुकुमारन ने लूसिफर के बाद अपना दूसरा शतक बनाया है.

सोमवार को ईद की छुट्टी है. यह फिल्म के लिए बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन करने का अच्छा मौका है. ईद की छुट्टी फिल्म को पहले सप्ताह के अंदर अब तक की सबसे बड़ी मॉलीवुड ग्रॉसर बनने का मौका देती है, जो मंजुम्मेल बॉयज की दुनिया भर में कुल 241 करोड़ की कमाई को पीछे छोड़ सकती है.

## वाणी कपूर की मंडाला मर्डर्स से जुड़ीं मिर्जापुर की अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर



अभिनेत्री वाणी कपूर काफी समय से वेब सीरीज मंडाला मर्डर्स को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं, जिसके निर्देशन की कमान गोपी पुथरन ने संभाली है। यह सीरीज इसलिए खास है, क्योंकि इसके जरिए वाणी ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। इस सीरीज में वाणी की जोड़ी अभिनेता वैभव राज गुप्ता के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब मंडाला मर्डर्स की स्टार कास्ट में जानी-मानी अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर शामिल हो गई हैं।रिपोर्ट के अनुसार, मंडाला मर्डर्स में श्रिया बेहद महत्त्वपूर्ण किरदार निभाएंगी, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं।वह सीरीज के केवल एक एपिसोड में नजर आएंगी और उनका अनदेखा अवतार सामने आएगा। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।मंगला मर्डर्स का निर्माण यशराज फिल्म्स के बैनर तले हो रहा है। इसमें वाणी, श्रिया और वैभव के साथ सुरवीन चावला और जमील खान जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।मंडाला मर्डर्स जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। इस वेब सीरीज का टीजर पहले ही सामने आ चुका है, जिसमें वाणी का धाकड़ अवतार दिखा।बता दें कि श्रिया अब तक ताजा खबर, द ब्रोकन न्यूज और 13 मसूरी जैसी वेब सीरीज में नजर आ चुकी हैं।आने वाले समय में श्रिया फिल्म अभी तो पार्टी शुरू हुई है में भी अभिनय करती दिखाई देंगी।

## नुसरत भरुचा की छोरी 2 का पहला पोस्टर आया सामने, 11 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी



काफी समय से अभिनेत्री नुसरत भरूचा अपनी आगामी फिल्म छोरी 2 को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह फिल्म छोरी का सीक्वल है, जो 26 नवंबर, 2021 को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। अब 4 साल बाद फिल्म का सीक्वल आ रहा है। बीते दिन निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी दिया था, वहीं अब छोरी 2 का पहला पोस्टर सामने आ गया है।आइए बताते हैं आप यह फिल्म कब और कहां देख पाएंगे।छोरी 2 के निर्देशन की कमान विशाल फुरिया ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है।निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, जब आपने सोचा कि बुरा सपना खत्म हो गया है... एक नया खौफ इंतजार कर रहा है।फिल्म में नुसरत एक बार फिर साक्षी के किरदार में नजर आएंगी। अभिनेत्री सोहा अली खान भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। यह फिल्म 11 अप्रैल 2025 को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

## सारा अली खान की मेट्रो... इन दिनों को मिली नई रिलीज तारीख, करना होगा लंबा इंतजार

पिछली बार सारा अली खान फिल्म स्काई फोर्स में वीर पहाड़िया के साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में सारा की अदाकारी की खूब तारीफ हुई और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छा प्रदर्शन किया था।अब सारा जल्द ही फिल्म मेट्रो... इन दिनों में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। आखिरकार अब निर्माताओं ने मेट्रो... इन दिनों की नई रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया है। आइए बताते हैं यह फिल्म कब रिलीज होगी।

## ब्रेन फॉग के 5 प्रमुख संकेत, इन्हें न करें नजरअंदाज

ब्रेन फॉग एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को सोचने, ध्यान केंद्रित करने और याद रखने में कठिनाई होती है। यह समस्या किसी भी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है और इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे तनाव, नींद की कमी या पोषण की कमी।

इस लेख में हम ब्रेन फॉग के पांच प्रमुख संकेतों पर चर्चा करेंगे, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।



### ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई

अगर आपको रोजमर्रा के कामों में ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो रही है तो यह ब्रेन फॉग का संकेत हो सकता है। जब आप किसी काम पर ध्यान नहीं दे पाते हैं या बार-बार भटक जाते हैं तो यह आपके मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है।

इसे सुधारने के लिए नियमित रूप से मेडिटेशन करें और अपने दिनचर्या में छोटे-छोटे ब्रेक लें ताकि आपका मन तरोताजा रहे।

### याददाश्त कमजोर होना

अगर आप छोटी-छोटी बातें भूलने लगे हैं या हाल की घटनाओं को याद रखने में मुश्किल हो रही है तो यह ब्रेन फॉग का लक्षण हो सकता है।

यह समस्या आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। याददाश्त को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त नींद लें और अपनी डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर हरी सब्जियां और फल शामिल करें।

ये उपाय आपकी याददाश्त को मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं।

### मानसिक थकान महसूस होना

लगातार मानसिक थकान महसूस होना ब्रेन फॉग का संकेत हो सकता है।

अगर आप बिना किसी शारीरिक मेहनत के ही थका हुआ महसूस करते हैं तो यह आपके मस्तिष्क के ठीक से काम न करने का संकेत हो सकता है।

इसे दूर करने के लिए नियमित एक्सरसाइज करें, जैसे सुबह की सैर या हल्का योग, जो आपके दिमाग को तरोताजा कर सके।

इसके अलावा अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें ताकि आपको पर्याप्त आराम मिल सके।

### निर्णय लेने में कठिनाई

अगर आपको छोटे-मोटे निर्णय लेने में भी परेशानी होती है या आप अनिर्णय की स्थिति में रहते हैं तो यह ब्रेन फॉग का लक्षण हो सकता है।

इससे बचने के लिए अपने विचारों को स्पष्ट करने की कोशिश करें। इसके लिए आप ध्यान और गहरी सांस लेने वाले अभ्यास कर सकते हैं।

जरूरी फैसले लेने से पहले खुद को समय दें ताकि आप सही निर्णय ले सकें। अपने विचारों को लिखकर भी उन्हें बेहतर तरीके से समझ सकते हैं।

### चिड़चिड़ापन बढ़ना

अगर छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है तो यह ब्रेन फॉग का संकेत हो सकता है।

इसे कम करने के लिए योगा या गहरी सांस लेने वाले अभ्यास करें, जो आपके मन को शांत कर सकें और तनाव कम कर सकें।इन उपायों से आपका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होगा और चिड़चिड़ापन कम होगा।

## चेहरे पर शेव करने जा रही हैं तो पहले जान लें ये टिप्स, नहीं होगी समस्या



महिलाएं अपनी त्वचा की देखभाल करने के लिए फेशियल से लेकर वैक्सिंग जैसे तमाम ट्रीटमेंट करवाती हैं। हालांकि, वे अक्सर अपने चेहरे को शेव करना भूल जाती हैं, जो कि एक जरूरी स्टेप होता है। केवल पुरुषों के ही नहीं, बल्कि महिलाओं के भी चेहरे पर बाल निकलते हैं। हालांकि, ये बाल बेहद छोटे होते हैं और नजर नहीं आते हैं।

आप अपने चेहरे को शेव करने के लिए ये 5 टिप्स अपनाना न भूलें।

### सबसे पहले चेहरे को करें साफ

चेहरे को शेव करने से पहले उसे अच्छी तरह साफ करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए एक सौम्य क्लींजर या फेस वाश का इस्तेमाल किया जा सकता है।क्लींजर को चेहरे पर धीरे-धीरे मलें और पानी से धो लें। ऐसा करने से त्वचा पर मौजूद सारी गंदगी साफ हो जाएगी और संक्रमण, जलन या खुजली होने का खतरा भी नहीं रेहगा।

हालांकि, साबुन का उपयोग करने से बचना चाहिए, क्योंकि वे कठोर हो सकते हैं।

एक्सफोलिएट करने के बाद चेहरे को नम रहने दें

शेव करने से पहले आपको स्क्रब का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा को एक्सफोलिएट भी कर लेना चाहिए।

ऐसा करने से रोमछिद्रों में भरी गंदगी भी साफ हो जाएगी, जिससे किसी प्रकार का संक्रमण नहीं होगा।

अब चेहरे पर थोड़ा गर्म पानी लगा लें या गीले कपड़े की मदद से उसे नम कर लें। त्वचा को नमी प्रदान करने से बालों के रोमों को नरम करने में मदद मिलती है, जिससे उन्हें हटाना और भी आसान हो जाता है।

### सही रेजर का चुनाव करें

शेविंग करने के लिए सही रेजर का इस्तेमाल करना जरूरी होता है, वर्ना चेहरे पर चोट लग सकती है। अगर रेजर का ब्लेड तीखा नहीं होगा या वह बहुत पुराना होगा तो उससे चेहरा छिल या कट सकता है।

इसके अलावा, उपयोग करने से पहले आपको अपने रेजर को सैनिटाइज भी कर लेना चाहिए। ऐसा करने से जलन, संक्रमण, मुंहासे या खुजली का खतरा कम हो जाता है।

रेजर को टेढ़ा करके इस्तेमाल करें, नहीं तो चोट लग सकती है।

### एलोवेरा या शेविंग जेल लगाएं

चेहरे के बालों को हटाने के लिए सीधे रेजर को चेहरे पर चलाने की गलती कभी न करें। इससे पहले अपने पूरे चेहरे पर एक अच्छी गुणवत्ता वाला शेविंग जेल या एलोवेरा जेल लगा लें।

जेल की परत बनाने से त्वचा नमी युक्त बनी रहती है और रेजर आसानी से फिसलता है। साथ ही, इससे यह भी पता चलता रहता है कि आप किन हिस्सों के बालों को पहले ही हटा चुकी हैं।

### मॉइस्चराइजर इस्तेमाल करें

चेहरे के बालों को हटाने के बाद त्वचा बेहद संवेदनशील हो जाती है। इसका कारण यह है कि ऐसा करने से त्वचा की एक सुरक्षात्मक परत हट जाती है।

इसीलिए शेविंग के तुरंत बाद मुंह धुलें और एक अच्छी गुणवत्ता वाला मॉइस्चराइजर लगा लें। इस उत्पाद की मदद से त्वचा की खोई हुई नमी वापस लौट आएगी, हाइड्रेशन बढ़ेगा और जलन से भी बचाव हो जाएगा। इसके बाद आप एक गैर-कॉमिडोजेनिक सीरम भी लगा सकती हैं।

# म्यांमार में भूकंप की तबाही का असर, सड़क बना ऑपरेशन थिएटर; स्ट्रेचर पर युवती ने दिया बच्चे को जन्म



बैंकॉक (आरएनएस) शुक्रवार दोपहर बैंकॉक में एक अविश्वसनीय और दिल दहला देने वाला दृश्य देखने को मिला। पड़ोसी देश म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंप के झटकों से पूरा थाईलैंड थर्रा उठा, जिसके चलते राजधानी बैंकॉक के अस्पतालों को आनन-फानन में खाली कराया गया। इस अफरा-तफरी के माहौल में, बैंकॉक के पुलिस अस्पताल के बाहर सड़क पर एक महिला ने खुले आसमान के नीचे बच्चे को जन्म दिया।भूकंप के तेज झटकों के कारण बैंकॉक के बीएनएच अस्पताल और किंग चुलालोंगकोर्न अस्पताल में भर्ती मरीजों को तुरंत बाहर निकाला गया। पुलिस अस्पताल की इमारत में भी कंपन महसूस होने के बाद मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। इसी दौरान, अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में एक गर्भवती महिला का प्रसव चल रहा था। पुलिस लेफ्टिनेंट कर्नल जिरामरिट ने बताया कि डॉक्टरों ने तत्परता दिखाते हुए ऑपरेशन का शुरुआती हिस्सा अंदर ही पूरा किया और फिर महिला को स्ट्रेचर पर बाहर ले आए। सड़क के बीचों-बीच, खुले आसमान के नीचे, डॉक्टरों की टीम ने केवल दस मिनट में ऑपरेशन का शेष भाग सफलतापूर्वक संपन्न कराया।इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में डॉक्टरों और नर्सों के सामने संक्रमण का खतरा सबसे बड़ा था, लेकिन समय की कमी के कारण कोई और विकल्प मौजूद नहीं था। अस्पताल के प्रवक्ता सिरिकुल श्रीसांगा ने इस बात की पुष्टि की है कि मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और उन्हें वापस अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है।इस असाधारण घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किए गए वीडियो में अस्पतालों के बाहर स्ट्रेचरों पर लेटे मरीज, व्हीलचेयर पर बैठे लोग और सड़कों पर मरीजों का इलाज करते डॉक्टर और नर्सें दिखाई दे रहे हैं।

## बलूचिस्तान में पाक सरकार के खिलाफ आयोजित में रैली में विस्फोट, 6 घायल

बलूचिस्तान (आरएनएस)। बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में शनिवार को की बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी) की रैली में हुए आत्मघाती विस्फोट में कम से कम छह लोग घायल हो गए। पार्टी ने आरोप लगाया कि यह पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ उनके विरोध को दबाने का एक असफल प्रयास था।

इस बीच, बीएनपी के 250 से अधिक कार्यकर्ताओं को भी गिरफ्तार किया गया, जो बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के नेताओं और कार्यकर्ताओं की अवैध हिरासत के खिलाफ क्वेटा तक शांतिपूर्ण लंबे मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। बता दें पुलिस ने महरंग बलूच और सम्मी दीन बलूच सहित कई बीवाईसी नेताओं को हाल ही में गिरफ्तार किया है।

धमाके की निंदा करते हुए बीएनपी प्रमुख अख्तार मेंगल ने एक्स पर लिखा, हमारे विरोध को एक बार फिर नाकाम बनाने का असफल प्रयास। अल्हमदुल्लाह, मैं सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुरक्षित हूं।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन की आलीशान कार में हुआ जोरदार धमाका, जेलेंस्की ने की थी 'मौत की भविष्यवाणी





मॉस्को (आरएनएस) मॉस्को में एक आलीशान ऑरस लिमोजिन कार में धमाका हुआ है। यह रूसी राष्ट्रपति पुतिन के काफिले की है। एक ही झटके में यह आग का गोला बन गई। रूसी सुरक्षा एजेंसी FSB के मुख्यालय के पास यह विस्फोट हुआ। एक रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने इस धमाके के बाद सीवर की तलाशी से लेकर अपने गार्डों की जांच का आदेश दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि आग इंजन से शुरू हुई और देखते ही देखते पूरी गाड़ी चपेट में आ गई। लिमोजिन में आग लगते ही आस-पास के बार से कर्मचारी मदद के लिए पहुंचे, लेकिन आग इतनी भयानक थी कि वह बस देखते रहे। लिमोजिन पुतिन के प्रेसिडेंशियल प्रॉपर्टी मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की बताई जा रही है। घटना लुब्यंका में स्थित FSB गुप्त सेवा मुख्यालय के पास हुई। बता दें कुछ ही दिन पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पुतिन की मौत की भविष्यवाणी भी की थी। वहीं दूसरी तरफ यूक्रेन की सेना ने रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में जोरदार हमला बोल दिया है। जिससे रूसी खेमे में हड़कंप मच गया। बेलगोरोड के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव के मुताबिक यूक्रेन ने 150 किलोमीटर लंबी सीमा पर 20 से ज्यादा गांवों को निशाना बनाया।

## ऑस्ट्रेलिया के सुदूर इलाकों में बाढ़, लोगों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया

सिडनी (आरएनएस)। उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में भारी बाढ़ आई है और इस स्थिति में लोगों को हवाई जहाज से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।रिकॉर्ड तोड़ बारिश के कारण क्वींसलैंड राज्य के बाहरी इलाकों में ब्रिस्बेन से 1,000 किलोमीटर पश्चिम में स्थित कई छोटे शहरों में 100 से ज्यादा घर बाढ़ में डूब गए हैं।मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बाढ़ चेतावनी जारी की। इसमें बताया गया कि उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के इस क्षेत्र में बाढ़ का जलस्तर 1974 के रिकॉर्ड को पार कर चुका है।बाढ़ के कारण सड़क मार्ग से संपर्क टूट जाने के बाद, अडावले और जुंडाह के छोटे शहरों के लोग और कई दूरदराज के इलाके के लोग हवाई जहाज से सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए।मवेशीपालक ज्योफ लॉयड गुरुवार को उनके घर से हवाई जहाज से निकाला गया था। उन्होंने शनिवार को नाइन नेटवर्क को बताया कि इस क्षेत्र में होने वाला नुकसान भयावह है।उन्होंने कहा, मैं 30 सालों से उस नदी पर नाव चलाता और रहता हूं, और यह ऐसा हालात हैं जो हमने कभी नहीं देखे।समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यह क्षेत्र ऑस्ट्रेलिया के सबसे महत्वपूर्ण पशुपालन क्षेत्रों में से एक है।लॉयड ने कहा कि स्थानीय हेलीकॉप्टर पायलट लोगों और मवेशियों की जान बचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे।

## सार्वजनिक संपत्ति को हुआ नुकसान, काठमांडू सिविक बॉडी ने नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र पर लगाया जुर्माना

काठमांडू( आरएनएस)। नेपाल की राजधानी में राजशाही समर्थक विरोध प्रदर्शनों के दौरान सार्वजनिक संपत्ति और पर्यावरण को हुए नुकसान के लिए काठमांडू के नागरिक निकाय ने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह पर जुर्माना लगाया है।यह विरोध प्रदर्शन ज्ञानेंद्र शाह के आह्वान पर आयोजित किया गया था, जिससे काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी (केएमसी) ने काठमांडू के बाहरी इलाके महाराजगंज में उनके आवास पर एक पत्र भेजा। इस पत्र में केएमसी ने उनसे 7,93,000 नेपाली रुपये का मुआवजा देने को कहा। साथ ही, सरकार ने उनका पासपोर्ट भी रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह जुर्माना सड़कों और फुटपाथों पर कचरे के अनुचित निपटान, साथ ही भौतिक संरचनाओं को हुए नुकसान के लिए लगाया गया।

केएमसी ने शनिवार को कचरा प्रबंधन अधिनियम, 2020 और काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी फाइनेंस एक्ट, 2021 के उल्लंघन का हवाला देते हुए जुर्माना नोटिस जारी किया।



रिपोर्ट के मुताबिक, काठमांडू के कई हिस्सों में शुक्रवार को तनावपूर्ण स्थिति देखी गई, जब राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया, एक राजनीतिक दल के कार्यालय पर हमला किया, वाहनों में आग लगा दी और काठमांडू के तिनकुनेबनेश्वर इलाके में दुकानों में लूटपाट की। इस हिंसक झड़प में एक टीवी कैमरामैन सहित दो लोगों की मौत हो गई और 110 अन्य घायल हो गए। ज्ञानेंद्र शाह को भेजे गए पत्र में (जिसकी प्रतियां मीडिया को भी दी गईं) केएमसी ने कहा, पूर्व सम्राट के आह्वान पर आयोजित विरोध प्रदर्शन ने महानगर की विभिन्न संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया और राजधानी शहर के पर्यावरण को प्रभावित किया।इस आंदोलन के आयोजक दुर्गा प्रसाद ने एक दिन पहले ज्ञानेंद्र शाह से मुलाकात की थी और उन्हें राजशाही और हिंदू राज्य की बहाली की मांग को लेकर आंदोलन करने के निर्देश मिले थे। यह घटनाक्रम तब हुआ, जब फरवरी में लोकतंत्र दिवस के बाद से राजशाही समर्थक सक्रिय हो गए थे, जब ज्ञानेंद्र शाह ने कहा था, समय आ गया है कि हम देश की रक्षा करने और राष्ट्रीय एकता लाने की जिम्मेदारी लें। इसके बाद, राजशाही समर्थक काठमांडू और देश के अन्य हिस्सों में रैलियां आयोजित कर रहे थे, जिसमें 2008 में समाप्त की गई 240 साल पुरानी राजशाही को बहाल करने की मांग की गई थी।

इससे पहले, सोमवार, 24 मार्च को नेपाल में नागरिक समाज के नेताओं के एक समूह ने ज्ञानेंद्र शाह की राजशाही को बहाल करने के उद्देश्य से राजनीतिक रूप से सक्रिय होने के लिए आलोचना की थी।

## फिर अटकेगा सीजफायर!..एक तरफ गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव को हमास ने दी मंजूरी, इजरायल ने पेश किया नया प्रपोजल

गाजा (आरएनएस)। हमास ने गाजा पट्टी में इजरायल के साथ युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हमास ने कहा कि उसने मध्यस्थों मिस्त्र और कतर द्वारा प्रस्तावित युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ इजरायल ने कहा कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर एक नया प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव में इजरायल की तरफ से रिहा होने वाले बंधकों की संख्या में बदलाव किया गया है।गाजा में युद्धविराम के लिए मिस्त्र और कतर पिछले कुछ समय से लगातार प्रयास करने में लगे हुए हैं। इसी के तहत उन्होंने हमास के सामने एक प्रस्ताव रखा था। मिस्त्र की तरफ से एक अधिकारी ने बताया कि इस समझौते के तहत हमास एक अमेरिकी-इजराइली समेत 5 जीवित बंधकों को रिहा करेगा जिसके बदले में इजराइल गाजा में मानवीय सहायता को पहुंचने देगा और एक सप्ताह के लिए युद्ध रोकने पर सहमत होगा। साथ ही, इजराइल सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। गाजा में हमास के नेता खलील अल-हय्या ने इसे स्वीकार करने की घोषणा की लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि इस घोषणा से पहले प्रस्ताव में बदलाव किया गया था या नहीं। इजरायल की तरफ से पेश किए गए नए प्रस्ताव पर कोई ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन पीएम नेतन्याहू ने कहा कि यह प्रस्वात शुक्रवार को हुई चर्चा के बाद सामने आया है।

# खेल समाचार

## रोहित अब तीन-चार साल पहले वाले रोहित नहीं रहे : मांजरेकर

अहमदाबाद, ( आरएनएस)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि रोहित शर्मा एक कठिन दौर से गुजर रहे हैं और अब उन्हें हर सुबह अपने आप पर अतिरिक्त जोर देना होगा।आईपीएल 2025 में शनिवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मैच में रोहित सिर्फ आठ रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले सीजन के अपने पहले मैच में वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ चार गेंदों में डक (0) पर आउट हुए थे।मांजरेकर ने जियोस्टार से बात करते हुए कहा, अब वह तीन-चार साल पहले वाले रोहित शर्मा नहीं हैं। वह अपने करियर के उस पड़ाव पर हैं, जहां पर उन्हें अपने आप पर हर सुबह अतिरिक्त जोर देना होगा। उन्हें और बेहतर तरीके से ट्रेन करना होगा क्योंकि चीजें उनके हाथों से फिसल रही हैं। वह अभी भी अपने नैसर्गिक प्रतिभा पर निर्भर करते हैं। रोहित का ना सिर्फ आईपीएल बल्कि अंतर्राष्ट्रीय करियर भी खराब फॉर्म से गुजर रहा है। 2024 में टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने सिर्फ एक अर्धशतक के साथ 10.93 के मामूली औसत से रन बनाए। चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने लगभग हर मैच में भारत को तेज शुरूआत देने की कोशिश की, लेकिन इस टूर्नामेंट में भी उनके नाम सिर्फ एक अर्धशतक था, जो कि फाइनल में आया।पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) ने इस सीजन के अपने दोनों मैच गंवाए हैं और उनके कप्तान हार्दिक पांड्या का मानना है कि उनके बल्लेबाजों को अब जल्द से जल्द लय में आना होगा और जिम्मेदारी लेनी होगी।मांजरेकर भी लगभग ऐसा ही सोचते हैं। उनका मानना है कि इस साल मुंबई का बल्लेबाजी क्रम कुछ खास, स्थिर और कन्विंसिंग नहीं नजर आ रहा है। उन्होंने कहा, इस बल्लेबाजी क्रम के अधिकतर बल्लेबाज उन पिचों पर निर्भर हैं, जहां गेंद अच्छे से बल्ले पर आती है। इसके अलावा अगर गेंद बल्ले पर सही से आ भी रही हो, जैसा वानखेड़े में होता है, तो भी उन्हें 12 या 13 रन प्रति ओवर बनाने में संघर्ष करना पड़ सकता है। हालांकि मांजरेकर का मानना है कि यह अभी सीजन की शुरुआत है और इससे एमआई को पूरी तरह से दरकिनार नहीं किया जा सकता है। वह अब भी वापसी कर खिताब जीत सकते हैं, जैसा कि उन्होंने 2014 में किया था।

## आईपीएल 2025 : प्वाइंट टेबल में टॉप पर पहुंची आरसीबी, आरआर 10वें स्थान पर

नई दिल्ली, ( आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दो मैच में दो जीत के साथ प्वाइंट टेबल में पहले स्थान पर कब्जा कर लिया है।आरसीबी के दो मैच में दो जीत के साथ चार अंक हैं और टीम का नेट रन रेट (एनआरआर) बाकी टीमों के मुकाबले काफी ज्यादा है। आरसीबी का नेट रन रेट प्लस 2.266 है, जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम का एनआरआर प्लस 0.963 है। आईपीएल के लेटेस्ट मैच की बात करें तो अहमदाबाद में शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने मुंबई इंडियंस को 36 रनों से मात दी।गुजरात टाइटंस की टूर्नामेंट में यह पहली जीत थी। इसी के साथ ही प्वाइंट टेबल में बड़ा फेरबदल भी देखने को मिला। जीटी तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम ने दो मैच खेले हैं। जिसमें एक जीत और एक हार का सामना करना पड़ा है। टीम का नेट रन रेट प्लस 0.625 है। दो अंकों के साथ दूसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स और इतने ही अंको के साथ प्लस 0.550 के एनआरआर के साथ पंजाब सुपर किंग्स चौथे स्थान पर बनी हुई है।हालांकि, प्वाइंट टेबल में रविवार को फेरबदल होने की पूरी उम्मीद जताई जा रही है। रविवार को दो मुकाबले हैं। पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच दोपहर 3.30 बजे से है। एसआरएच टूर्नामेंट में एक हार और एक जीत के साथ प्वाइंट टेबल में छठे स्थान पर हैं। वहीं, डीसी ने अपने पहले मुकाबले में धमाकेदार जीत दर्ज की। दो अंकों के साथ दिल्ली की टीम पांचवें स्थान पर है।

# आईपीएल के नियमों के साथ बार-बार खिलवाड़ कर रहे हैं हार्दिक

### -अपनी पुरानी टीम के खिलाफ कर दी बड़ी गलती

नईदिल्ली,( आरएनएस)। मुंबई इंडियंस 18वें संस्करण में अपनी पहली जीत तलाश रही है. पहले दोनों मुकाबले हारने के बाद उनके हौसले पस्त हो गए हैं. कैप्टन हार्दिक पांड्या गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपनी टीम की हार नहीं टाल सके. कप्तानी के साथ-साथ उनकी बल्लेबाजी भी बेहद साधारण रही. इतना ही नहीं, 31 वर्षीय खिलाड़ी ने आईपीएल के नियमों का भी उल्लंघन किया. जिसके लिए उनपर जुर्माना लगाया गया है.आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के साथ मैच में हार्दिक पांड्या धीमी ओवर गति के तहत नप गए. उनकी अगुवाई में मुंबई इंडियंस निर्धारित समय में अपने पूरे ओवर नहीं कर पाई. हार्दिक आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत न्यूनतम ओवर-रेट उल्लंघन मामले में पाए गए हैं. उनपर आईपीएल की गर्वनिंग काउंसिल ने 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है.हार्दिक पांड्या इससे पहले



एक मैच का बैन झेल चुके हैं. पिछले सीजन में वह तीन बार स्लो ओवर-रेट के नियमों के उल्लंघन में पाए गए थे। पुराने नियमों के तहत उनपर एक मैच का प्रतिबंध लगा. 2024 आईपीएल में मुंबई के आखिरी मैच में इस खिलाड़ी ने तीसरी बार ये किया था। इसके बाद नियमानुसार आईपीएल 2025 में पहला मुकाबला खेलने से पांड्या प्रतिबंधित थे. यही वजह है कि एमआई के कैप्टन सीएसके के खिलाफ मैच में बाहर बैठे थे.आईपीएल की गर्वनिंग काउंसिल ने 18वें सीजन को लेकर नियमों में बड़ा बदलाव किया. उन्होंने स्लो ओवर-रेट के तहत खिलाड़ियों पर लगाए जाने वाले बैन को हटा दिया. पुराने नियमों के मुताबिक अगर कोई कैप्टन तीन बार धीमी ओवर गति में पाया जाता है, तो उसपर एक मैच का बैन लगेगा. हालांकि अब ऐसा नहीं है. नए नियमों के मुताबिक किसी भी प्लेयर पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा।

अब खिलाड़ियों के खाते में डीमेरिट प्वॉइंट जोड़े जाएंगे. अगर कोई खिलाड़ी चार बार स्लो ओवर-रेट नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसपर मैच फीस का 25 से लेकर 75 प्रतिशत तक जुर्माना लगेगा।


## सबालेंका ने पहली बार जीता मियामी ओपन खिताब

मियामी, (आरएनएस)। आर्यना सबालेंका ने फाइनल में अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराकर मियामी ओपन का अपना पहला खिताब जीता।

पिछले साल के यूएस ओपन फाइनल के रीमैच में, शुरुआती सेट में तीन बार अपनी शानदार सर्विस टूटने के बावजूद, दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी सबालेंका ने शांतचित्त होकर 5-6 पर महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया, जिसने उन्हें चौथी रैंकिंग वाली पेगुला पर 1 घंटे 28 मिनट में 7-5, 6-2 से जीत दिलाई और अपना पहला मियामी ओपन मास्टर्स 1000 खिताब जीता।यह सबालेंका के लिए एक बड़ी जीत थी, जिन्हें अपने पिछले दो फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई ओपन (मैडिसन कीज से) और इंडियन वेल्स (मीरा एंड्रीवा से) में मामूली हार का सामना करना पड़ा था।

आखिरकार, मैं फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने में सक्षम थी, और मैं परिणाम और प्रदर्शन से बहुत खुश हूं, मैं कहूंगी, इन महीनों के लिए। इसलिए, इस खूबसूरत (क्रिस्टल बुच बुचोलज) ट्रॉफी को पकड़कर बहुत खुश हूं।

## 22 शतक व 1000 से ज्यादा छक्के लगाने वाले को आईपीएल में नहीं खरीदा




– महान खिलाड़ी गेल को इंडियन प्रीमियर लीग में झेलनी पड़ी बेइज्जती

नई दिल्ली (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग में यूं तो एक से बढ़कर एक तूफानी बल्लेबाज अपने खेल से लोगों को दीवाना बना चुके हैं लेकिन एक नाम ऐसा है जिसे भूलाया नहीं जा सकता। यूनिवर्स बॉल के नाम से मशहूर वेस्टइंडीज के क्रिस गेल को विस्फोटक बल्लेबाजों में सबसे ऊपर गिना जाता है। टी20 फॉर्मेट में तो इस खिलाड़ी ने गेंदबाजों की हेकड़ी निकाली दी। 22 शतक के दम पर 14 हजार से ज्यादा रन इसकी खेल की गवाही देते हैं लेकिन इस महान खिलाड़ी को भी इंडियन प्रीमियर लीग में बेइज्जती झेलनी पड़ी। क्रिस गेल जैसे तूफानी खिलाड़ी को भी फ्रेंचाइजी ने खरीदने से इनकर कर दिया था।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गेल के रिकार्ड पर एक नजर डाले तो उन्होंने 2009 से 2021 तक आईपीएल में 142 मैच खेला हैं। आईपीएल में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड भी गेल के नाम दर्ज है जो आज तक इसे कोई भी बल्लेबाज नहीं तोड़ पाया है। 23 अप्रैल 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम से खेलते हुए पुणे वॉरियर्स के खिलाफ गेल ने महज 66 बॉल पर 175 रन की नाबाद पारी खेली थी। इसमें 13 चौके और कुल 16 छक्के क्रिस गेल के बल्ले से देखने को मिले थे। इस पारी का जवाब आज तक आईपीएल को नहीं मिल पाया है। गेल जैसे ऊंचे कद के खिलाड़ी को इंडियन प्रीमियर लीग में एक नहीं बल्कि दो बार बेइज्जत होना पड़ा है।

साल 2011 के मेगा ऑक्शन के लिए कोलकाता नाइटराइडर्स ने उनको रिलीज कर दिया था। किसी भी टीम ने गेल के लिए बोली नहीं लगाई और वह अनसोल्ड रहे। डर्क नेनिस के चोटिल होने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने उनको अपनी टीम में बतौर रिप्लेसमेंट शामिल किया था।

## बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम को अस्पताल से छुट्टी मिली

ढ़ाका (ए)। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल अब ठीक हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। तमीम को सोमवार को मैदान में ही दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद से ही वह अस्पताल में भर्ती थी। इस क्रिकेटर ने अस्पताल से घर लौटने के बाद कहा कि वे पिछले कुछ दिनों में प्रशंसकों से मिले प्यार से उत्साहित हैं। इस क्रिकेटर ने कहा कि अभी उन्हें पूरी तरह ठीक होने में समय लगेगा और इस दौरान प्रशंसकों का प्यार उनका मनोबल बढ़ाएगा। इस क्रिकेटर ने ढाका प्रीमियर डिवीजन मैच के दौरान फील्डिंग करते समय दिल का दौरा पड़ा था। जिसके बाद तमीम को अस्पताल ले जाया गया जहां उनके दिल की एक धमनी में रुकावट के कारण उनकी सर्जरी हुई थी। अस्पताल से छुट्टी मिलने पर तमीम ने अपने फेसबुक पेज पर बांग्ला में पोस्ट किए गए संदेश में कहा, 'आप सभी की दुआओं की बदौलत मैं अब घर पर हूं।' उन्होंने कहा, 'इन चार दिनों में मैंने अपने आस-पास के माहौल को जाना है जिससे मुझे एक नया जीवन मिला है। मुझे अपने पूरे करियर में आपका प्यार मिला है पर बीमारी में इसका सबसे ज्यादा अनुभव हुआ।'इस क्रिकेटर ने डॉक्टरों, अस्पतालों, सहायक कर्मचारियों और व्यक्तियों, विशेष रूप से ट्रेनर याकूब चौधरी दलीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए तमीम ने कहा, 'हमारे ट्रेनर याकूब चौधरी दलीम भाई को कैसे धन्यवाद दूं, मुझे वास्तव में नहीं पता।' उन्होंने कहा, 'मुझे बाद में पता चला। डॉक्टरों ने बताया कि अगर दलीम ने उस वक्त ठीक से सीपीआर नहीं दिया होता तो मैं बच नहीं पाता। '

## बीसीसीआई ने पांड्या पर 12 लाख का जुर्माना लगाया

मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने धीमी ओवर गति के लिए मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। पंड्या पर पिछले सत्र में भी इसी कारण जुर्माना और एक मैच का प्रतिबंध भी लगा था। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने समय रहते 20वें ओवर की शुरुआत नहीं की। इसके लिए मुंबई इंडियंस को सजा के तौर पर अंतिम ओवर में केवल चार ही खिलाड़ियों को 30 गज के दायरे के बाहर रखने की अनुमति थी। इससे भी मुंबई इंडियंस को हुआ था। इसके अलावा उनपर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा है। आईपीएल की ओर से कहा गया कि मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने गुजरात के खिलाफ आईपीएल 2025 के मैच में धीमी ओवर गति रखी थी। यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़ी है। इस बार धीमी ओवर गति के तीन अपराधों के बावजूद किसी खिलाड़ी को प्रतिबंधित नहीं किया जाएगा।

# नगर पालिका अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने किया पुस्तक मेले का शुभारंभ

>>> नगर पुस्तक एवं गणवेश मेले के प्रति अभिभावकों में रहा विशेष उत्साह

>>> पहले दिन 161 अभिभावकों एव स्कूल बच्चों ने मेले में पहुंचकर सहभागिता की





नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार दो दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेले तथा करियर काउंसलिंग का आयोजन शासकीय नर्मदा महाविद्यालय जिला नर्मदापुरम में किया गया। मेले का उदघाटन 30 मार्च 2025 को कलेक्टर सुश्री मीना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम तथा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेन्द्र यादव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि विकास नारोलिया, विधायक प्रतिनिधि पीयूष शर्मा, महेन्द्र यादव, मण्डल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रोहित गौर, पंकज पाण्डेय पार्षद प्रतिनिधि, सिटी मजिस्ट्रेड ब्रजेन्द्र रावत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वरि पटले, तहसीलदार देवशंकर धुर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी एस पी एस बिसेन एवं विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी, शिक्षक, करियर काउंसलर अभिभावक व बच्चे उपस्थित हुये।

उद्घाटन के बाद उक्त मेले में लगभग 161 अभिभावक, विद्यार्थियों ने पुस्तक, कापी, युनिफार्म कय कर मेले का लाभ उठाया। मेले में 7 पुस्तक, स्टेशनरी विक्रेता 3 युनिफार्म विक्रेता, 1 फुट वेयर विक्रेता पंजीयन कराकर सहभागिता की। विक्रेताओं ने पुस्तक/कापी/युनिफार्म / स्कूल बैग / स्कूल शूज/स्टेशनरी आदि पर विशेष छूट दीं जिसका तीथा लाम अभिभावकों / विद्यार्थियों को मिला। मेले में स्कूल द्वारा जारी की गई पुस्तकों की सूची भी रिसेप्शन के स्टाल में अवलोकन हेतु रखी गई तथा प्रत्येक विक्रेता द्वारा दी जा रही छूट की सूची भी अवलोकन हेतु रखी गई एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से स्कीन पर प्रदर्शित की गई। मेले में उपस्थित पालकों से फीडबैक भी लिया जा रहा है पालकों द्वारा एक ही स्थान पर सभी विक्रेताओं से पुस्तक, कापी गणवेश स्टेशनरी आदि मिलने पर हर्ष व संतोष व्यक्त किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा श्रीमती रीता उइके उपसंचालक उद्यान विभाग नर्मदापुरम से चर्चा की गई उन्होंने मेले में दी जा रही छूट व एक ही स्थल पर सभी दुकानों के लगने पर जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की एवं अपने बच्चे के साथ सर्वांइट स्कूल की पुस्तके मेले से कय की।

पुस्तक, गणवेश मेला 30.03.2025 से 31.03.2025 तक दोपहर 12.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक संचालित किया जा रहा है। इसमें अधिक से अधिक पालको, विद्यार्थियों से सहभागिता कर पुस्तके कय करने एवं छूट प्राप्त करने हेतु आग्रह किया जाता है। इसके अलावा पुस्तके आनलाइन भी संबंधित अभिभावक मंगा सकते है।

गेले में राजेश जायसवाल जिला परियोजना समन्वयक राजेश गुप्ता एडीपीसी, विनोद तिवारी एपीसी पी के घटवा डीव्हीसी, विकम कुमार नरवरिया प्राचार्य डी एन व्यास प्राचार्य, मनीष कुशवाह सहायक ग्रेड तस्वीर गौर कार्यालयीन, करियर काउंसलर एवं समस्त स्टाफ ने उपस्थित रहकर मेले के सफल आयोजन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

## नारी सशक्तिकरण संघ ने किया 121 महिलाओं को सम्मानित

### महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए मोदी सरकार कर रही निरंतर प्रयास : सांसद दर्शन सिंह



नर्मदापुरम (ए.)। हिंदू नव वर्ष तथा गुड़ी पड़वा विक्रमोत्सव.2025 के शुभ अवसर पर रविवार को पुणे महाराष्ट्र में राष्ट्रीय नारी सशक्तीकरण संघ का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय नारी सशक्तीकरण संघ द्वारा पुणे में प्राइड ऑफ महाराष्ट्र अवार्ड एवं ग्लोबल अपेक्स अवार्ड का आयोजन किया गया । इस दौरान अलग अलग क्षेत्रों में महिलाओं में जागृति लाने वाली 121 महिलाओं को मेडल ओर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति सदस्य एवं होशंगाबाद नरसिंहपुर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का मतलब है । महिलाओं को उनके अधिकारए शिक्षाए और समानता देना। यह एक आंदोलन है जिसका मकसद महिलाओं और पुरुषों के बीच सामाजिकए आर्थिकए और राजनीतिक भेदभाव को खत्म करना है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण अभियान ;एनएमईडब्लूद्ध के माध्यम से महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस अवसर पर हैदराबाद से आए अति विशिष्ट अतिथि कर्नल सतीश कडवथ जी डा वीणा कुर्रे रही इस कार्यक्रम में पूरे देश और मुख्य रूप से महाराष्ट्र राज्य से आयी हुई महिलाओ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय नारी सशक्तीकरण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार धाकड़ द्वारा किया गया और किरार समाज के कई महानुभावों ने सासंद दर्शन सिंह चौधरी का सम्मान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मिलिट्री में सेवाएं दे रहे हैं बालमुकुंद पटेल आईईएसद् एवं डॉक्टर सारिका पटेल भी उपस्थित रही।

## सरस्वती पूजन, ब्रह्मध्वज स्थापना एवं वंदन के साथ आयोजित हुआ विक्रमोत्सव 2025 कार्यक्रम

### साथी जन शिक्षण एवं संस्कृति समिति ने सम्राट विक्रमादित्य नाट्य प्रस्तुति का किया मंचन



नर्मदापुरम (निप्र)। जिला मुख्यालय पर धूमधाम से आयोजित विक्रमोत्सव 2025 कार्यक्रम ने विक्रम संवत की महत्वता को प्रकाशित किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव ने माता सरस्वती की पूजन के बाद दीप प्रज्वलन किया और ब्रह्मध्वज की स्थापना एवं वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान भारत का नव वर्ष विक्रम संवत पुस्तिका का वितरण किया गया। पुस्तिका में विक्रम संवत के इतिहास, महत्व और इसकी गणना के बारे में जानकारी दी गई। यह पुस्तिका कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को वितरित की गई।

### *विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा मनाया गया हिंदू नव वर्ष'*

*नर्मदापुरम (निप्र)नगर उपाध्यक्ष प्रखर राज शर्मा द्वारा बताया गया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन नर्मदापुरम के व्यापारी वर्ग एवं हिंदू भाइयों को तिलक लगाकर हिंदू नव वर्ष मनाया एवं चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। विश्व हिंदू परिषद द्वारा लोगों से जनसंपर्क कर हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 के बारे में अवगत कराया गया तथा चैत्र नवरात्रि की विशेषताओं से लोगों को अवगत कराया। हिंदू नव वर्ष के उत्सव को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा सतरस्ते पर आतिशबाजी के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में जिला संयोजक नितिन मेषकर, जिला उपाध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह, जिला सह गौ रक्षा प्रमुख दिनेश कीर, जिला कार्यकारिणी सदस्य विनीत सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष प्रखर राज शर्मा, नगर उपाध्यक्ष नितिन शर्मा, नगर मंत्री किशोर गौर, नगर से संयोजक मनीष चौकसे, चेतन रैकवार, कुंदन परिहार, प्रशांत विश्वकर्मा, संजय रैकवार हिमांशु केवट अनिकेत केवट विजय कुमार रैकवार रोहित शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा की गई शालाओं में भोजन की गुणवत्ता की जांच



### नमूने एकतित्रत कर भेजे गए प्रयोगशाला

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला प्रशासन के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विभिन्न शालाओं में विद्यार्थियों को परोसे जाने वाले भोजन एवं भोजन विनिर्माण स्थलों (किचिनों) का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान गुणवत्तापरक भोजन सामग्री की जांच के लिए तैयार भोजन के नमूने लिए गए। निरीक्षण में विभिन्न प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में स्वसहायता समूहों द्वारा संचालित भोजन विनिर्माण स्थलों का दौरा किया गया। इन स्थलों से खाद्य सामग्री, जैसे पूड़ी, पराठा, दाल-सब्जी के नमूने एकत्रित किए गए। जिन समूहों का निरीक्षण किया गया, उनमें शंकर स्वसहायता समूह रेसलपुर, ज्योति स्वसहायता समूह रेसलपुर, पूजा स्वसहायता समूह मिसन खेडा, कावेरी आजीविका स्वसहायता समूह ब्यावरा, सुरभि स्वसहायता समूह इटारसी, रिद्धिसिद्धि स्वसहायता समूह इटारसी, सहेली स्वसहायता समूह इटारसी, जीवनदायनी स्वसहायता समूह इटारसी आदि शामिल हैं। अब तक कुल 55 तैयार भोजन सामग्री के नमूने एकत्र किए गए हैं और इन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजा जा रहा है। इस कार्यवाही के दौरान मुख्यालय खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र सिंह राणा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार द्वारा निरीक्षण और नमूना संग्रह किया गया।

## संयुक्त संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने किया गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण

### किसानों की सूविधा के लिए सभी मूलभूत आवश्यक व्यवस्था किये जानें के दिए निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। संयुक्त संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल म.प्र. हरेन्द्र सिंह, एवं जिला स्तरीय उपार्जन समिति द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिले में चल रही गेहूँ उपार्जन का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें सेवा सहकारी समिति चौतलाय द्वारा संचालित शासकीय गोदाम हथनापुर तहसील सिवनीमालवा का निरीक्षण किया गया है निरीक्षण के दौरान किसानों की सुविधा हेतु उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए उपार्जन केन्द्रों पर पेय जल, तिरपाल, पंखा, शौचालय एवं बैठने हेतु छाव की व्यवस्था संबंधी उपलब्धता पाई, तौलकांटे चैक किये गये जिसमें बोरियों का बजन किया गया जोकि सही मात्रा में बजन पाया गया। खरीदी रिपोर्ट चैक की गई जिसमें 05 किसानों से 692.50 क्विंटल की खरीदी होना पाई गई तथा आवश्यक बारदाना पोस्टर, बेनर इत्यादि की गेहूँ उपार्जन केन्द्र उपलब्धता पाई गई। इसी प्रकार कृषि उपज मंडी नर्मदापुरम में स्थित 03 गेहूँ उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें तीनों गेहूँ उपार्जन केन्द्रों की खरीद में 35 किसानों से 2345 क्विंटल की खरीदी होना पाई गई, किसानों की सुविधा हेतु समस्त भौतिक एवं आवश्यक वस्तुऐं सुचारु रुप से बनाये रखने के निर्देश दिये गये एवं खरीदी कम होने संबंध में कृषकों को अवगत कराये जाने संबंधी व्यापक प्रचार प्रसार कर खरीदी करने के निर्देश समिति प्रबंधकों को दिये गये एवं परिसर में रखे स्कंध का परिवहन शीघ्र कराने के निर्देश जिला स्तरीय उपार्जन समिति को दिये गये।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ, कदेली नदी के शक्ति घाट की सफाई और तवा बांध में जल संरक्षण कार्य किया गया।



नर्मदापुरम (निप्र)। विधायक सिवनी मालवा प्रेमशंकर वर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के साथ ग्राम पंचायत हिरण खेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वरुण पूजन किया गया और जल शपथ ली गई। साथ ही, विधायक श्री वर्मा ने आम जनता को नरवाई जलाने से बचने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही तवा परियोजना के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ भी किया गया। यह अभियान तवा बांध के फ्लड कंट्रोल परिसर में जल संरक्षण और संवर्धन के महत्व पर चर्चा के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर जल संरक्षण की शपथ ली गई। कार्यक्रम में सरपंच तवानगर, पंच गण, गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ अनुविभागीय अधिकारी एन.के.सूर्यवंशी, उपयंत्रीगण श्री पांचाल, वासु साहू, नामदेव, विश्वास, फील्ड असिस्टेंट सुनारे, सिविल विंग, सुरक्षा और विद्युत यांत्रिकी विभाग के समस्त कर्मचारियों ने तवा बांध के कंट्रोल रूम से बांध स्थल तक रैली निकाली। इस दौरान डाउन स्ट्रीम गार्डन और परिसर में जंगल सफाई और फेंसिंग पर चुना पुताई का कार्य भी किया गया। यह अभियान 30 मार्च से 30 जून तक निरंतर चलेगा।इसके अतिरिक्त, सिवनी मालवा के कंदेली नदी के शक्ति घाट पर नगर परिषद के अमले ने श्रमदान करते हुए घाट की सफाई की और वहां पर गंदगी को साफ किया।

# कमिशनर ने तवा बाय तट मुख नहर की भडन चिकली नहर का निरीक्षण किया

## पौधारोपण कर पर्यवरण संरक्षण का दिया संदेश



नर्मदापुरम (निप्र) । नर्मदा पुरम संभाग कमिशनर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी रविवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सिवनी मालवा पहुंचे, यहां उन्होंने तवा के बाई तट मुख्य नहर की 16 00 चैनल सिवनी मालवा की भडन चिकली मुख्य नहर नहर का निरीक्षण किया । पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्होंने नहर किनारे पौधारोपण किया। कमिशनर ने भडन चिकली नहर सिंचाई व्यवस्था का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को निर्धारित समय पर मूंग फसल की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल जाए । उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की नहर के अंतिम टेल क्षेत्र पर स्थित किसानों के खेत तक पानी पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए । कमिश्नर ने कहा कि नहर की सुरक्षा के लिए विद्युत विभाग , राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं जल संसाधन विभाग का अमला संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि नहर की सुरक्षा व्यवस्था को दरकिनार कर कोई बिना अनुमति अवैध तरीके से कोई भी पानी लिफ्ट करने का प्रयास न करें । भ्रमण के दौरान मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग आर आर मीना , संयुक्त आयुक्त विकास जीसी दोहर सहित जल संसाधन विभाग के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जय हो समिति के द्वारा नर्मदा घाट पर स्वच्छता अभियान जारी

### सफलतापूर्वक 248 वें सप्ताह में प्रवेश

नर्मदापुरम(ए.)। नर्मदा की स्वच्छता और संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को निभाते हुएए जय हो समिति ने इस रविवार को अपने स्वच्छता अभियान का 248वां सप्ताह पूर्ण किया। यह अभियान निरंतर जारी रहते हुए नर्मदा जी के विभिन्न घाट पर सफाईए जनजागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को गति प्रदान कर रहा है। इस विशेष अवसर पर जय हो समिति के सदस्यों एवं गौ रक्षक समिति के सदस्यों ने मिलकर सेठानी घाट की सफाई की और प्लास्टिकए कचरे तथा अन्य प्रदूषकों को हटाने का कार्य किया। इस अभियान के अंतर्गत अब तक हजारों किलो कचरा हटाया जा चुका है। जिससे नर्मदा तटों की स्वच्छता में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। जय हो समिति के अध्यक्ष अर्पित मालवीय ने इस अवसर पर कहा हमारा उद्देश्य न केवल नर्मदा नदी को स्वच्छ रखना हैए बल्कि लोगों में जागरूकता बढ़ाना भी है ताकि वे स्वयं अपनी जिम्मेदारी समझें और जल स्रोतों की रक्षा करें। समिति ने आम जनता से अपील की कि वे भी इस अभियान से जुड़ें और हर सप्ताह इस पुण्य कार्य में योगदान दें। इस अवसर पर जय हो समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीए गौ रक्षक समिति अध्यक्ष रवि रैकवार सहित समिति के विवेक वर्मा दुर्गेश केवट ऋतिक माझी अमित घटोले विकास केवट विशाल बावरिया कौशिक बावरिया गणेश यादव प्रथम बावरिया संजू प्रजापति सागर पटेल अपूर्व मालवी सौरभ वर्मा लोकेश बिश्नोई अनुराग वर्मा हरिओम यादव प्रीतम चक्रवर्ती अंकित सागर अजय बावरिया जतिन यादव उपस्थित रहे।

## जिले में गेहूं खरीदी कार्य सुचारु रूप से जारी

### 467 किसानों से 5387 मीट्रिक टन गेहूं का हुआ उपार्जन



नर्मदापुरम (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में 15 मार्च से जिले के ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत 63554 किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। आज दिनांक को 1024 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किया गया एवं 929 मी.ट स्कंद का उपार्जन हुआ। जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में स्थापित 166 उपार्जन केन्द्रों पर आज दिनांक तक कुल 5721 किसानों के द्वारा अपना स्लॉट बुक किया गया है तथा 467 किसानों से 5387 मीट्रिक टन की खरीदी की जा चुकी है। जिसकी भुगतान योग्य राशि 14.00 करोड़ है। उन्होंने बताया कि परिवहन व्यवस्था को भी सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसमें कुल उपार्जित स्कंद के विरुद्ध 4838 मीट्रिक टन (95%) मात्रा का परिवहन किया जा चुका है। वर्तमान में 4012 मीट्रिक टन उपज की मात्रा स्वीकृत हो चुकी है और WHR (वेयरहाउस रसीद) के अंतर्गत 2447 मीट्रिक टन संग्रहित की गई है।

## ग्राम डूडा देह में वन विभाग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया



नर्मदापुरम (निप्र)। गत दिवस ग्राम डूडा देह, तहसील सोहागपुर में अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर अनिल जैन के निर्देशन में राजस्व दल, वन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से वन विभाग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। उक्त भूमि पर कुछ लोगों द्वारा झोपड़ी बनाकर एवं फसल बोकर कब्जा किया गया था। प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए उन झोपड़ियों से सामान निकालकर वाहन के द्वारा अन्य स्थान पर भेजा गया और भूमि को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त किया गया। इसके बाद वन विभाग को इस भूमि का आधिकारिक कब्जा सौंप दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद रहे, जिन्होंने अतिक्रमण को निष्क्रिय करने और भूमि को वन विभाग के कब्जे में सौंपने की प्रक्रिया में सहयोग किया।

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।*
*स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*